# प्रश्न बैंक

सत्र - 2022-23

## विषय—सामाजिक विज्ञान

## भाग—एक

## कक्षा — छठवीं



राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
छत्तीसगढ़

## प्रकाशन वर्ष 2022–23

**संरक्षक**

राजेश सिंह राणा 'IAS'
संचालक, SCERT

**मार्गदर्शक**

डॉ.योगेश शिवहरे अतिरिक्त संचालक, SCERT,
डॉ.निशी भाम्बरी संयुक्त संचालक, SCERT

**संयोजक**

श्रीमती दिव्या क्लारेट लकरा, प्राध्यापक
श्रीमती कौशिल्या खुटे, श्रीमती लीना नेमपांडे

**विशेष सहयोग**

डॉ.विद्यावती चन्द्राकर

**विषय विशेषज्ञ**

श्रीमती दिव्या क्लारेट लकरा, श्रीमती विद्या डांगे

**लेखन**

नविता शुक्ला

**टंकण**

तोरण लाल साहू

**आवरण**

सुधीर कुमार वैष्णव

---

**प्रकाशक**

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् छत्तीसगढ़
शंकर नगर, रायपुर

# आमुख

वर्तमान में शालाओं में आकलन की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावशाली बनाने तथा शिक्षकों और छात्रों में विषयों की समझ को अधिक विकसित करने से लिए अच्छे प्रश्नों का निर्माण होना आवश्यक है।

इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए SCERT द्वारा पाठ्यक्रम के आधार पर प्रश्न बैंक का निर्माण किया गया है। प्रश्न बैंक के माध्यम से शिक्षण अधिगम संबंधी उद्देश्यों की पूर्ति की जा सकती है। शिक्षक इसका उपयोग पढ़ाने, परीक्षा लेने तथा छात्र स्वआकलन के लिए कर सकते है।

बच्चों में सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को (सम्पूर्ण पाठ्यक्रम) पूर्ण किया जाना है। इसी आधार पर कक्षा 1 से 8 के लिए कक्षावार विषयवार प्रश्न बैंक का निर्माण किया गया। निर्मित **'प्रश्न बैंक'** में कक्षा के अधिगम स्तर का ध्यान रखा गया है तथा सम्पूर्ण पाठ से प्रश्न निकाले गए हैं, प्रश्नों को वस्तुनिष्ठ, अतिलघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय, दीर्घ उत्तरीय क्रम में रखा गया।

सृजित **'प्रश्न बैंक'** में समाहित प्रश्न ज्ञानात्मक, समझ, अनुप्रयोग, विशलेषण आधारित है एवं विद्यार्थियों के स्तरानुरूप हैं। यह **'प्रश्न बैंक'** अध्ययन अध्यापन में अन्यन्त महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके द्वारा विद्यार्थियों के अपेक्षित कौशलों के विकास को जांचा-परखा जा सकेगा और पाठ्यपुस्तक में वर्णित अवधारणाओं को समझने के सरलता होगी। इन प्रश्नों के माध्यम से बच्चे स्वयं को सक्रिय रख पाएँगे तथा बच्चों में स्वयं करके सीखने, अपने परिवेश को समझने, तर्क करने, चिंतन करने, अपने अनुभवों की अभिव्यक्ति आदि गुणों का विकास हो सकेगा। इस **'प्रश्न बैंक'** के माध्यम से बच्चों में भाषायी कौशलों के विकास के साथ विषय-वस्तु की समझ विकसित होगी। शिक्षकों को यह 'प्रश्न बैंक' विषयवस्तु को सरल एवं विकसित करने में उनकी मदद करेगा।

यह **'प्रश्न बैंक'** शिक्षकों एवं छात्रों के लिए उपयोगी है शिक्षकों से आग्रह है कि 'प्रश्न बैंक' का अध्ययन कर इनकी उपयोगिता सुनिश्चित करें।

**संचालक**

**एस.सी.ई.आर.टी.,छ.ग.,रायपुर**

# विषय सूचि

## इतिहास


| | | |
|---|---|---|
| अध्याय 1 | इतिहास से स्रोत्र | 2-4 |
| अध्याय 2 | आदि मानव | 5-7 |
| अध्याय 3 | सिंधु घाटी की सम्यता | 8-10 |
| अध्याय 4 | वैदिक काल | 11-13 |
| अध्याय 5 | महाजनपद काल | 14-16 |
| अध्याय 6 | नवीन धार्मिक विचारों का उदय | 17-19 |
| अध्याय 7 | मौर्य वंश और राजा अशोक | 20-22 |
| अध्याय 8 | विदेशें से व्यापार और संपर्क | 23-25 |
| अध्याय 9 | गुप्त काल | 26-28 |
| अध्याय 10 | प्रांतीय राज्यों का युग | 29-31 |


## नागरिक शास्त्र


| | | |
|---|---|---|
| अध्याय 1 | परस्पर निर्भरता | 33-34 |
| अध्याय 2 | कातिक और केकती का गाँव | 35-37 |
| अध्याय 3 | पंचायती राज | 38-40 |
| अध्याय 4 | नगर पालिका और नगर निगम | 41-43 |
| अध्याय 5 | जिला प्रशासन | 44-46 |
| अध्याय 6 | सार्वजनिक संपत्तियॉ | 47-49 |
| अध्याय 7 | बच्चों के अधिकार | 50-51 |
| अध्याय 8 | सामान्य चेतना | 52-54 |

# इतिहास

# अध्याय - 1

## इतिहास के स्रोत

**सही विकल्प चुनकर लिखो -**

**1. लक्ष्मण मंदिर स्थित है-** **SST 609**

(अ) सिरपुर में (ब) कानपुर में

(स) नागपुर में (द) हस्तिनापुर में

उत्तर- (अ) सिरपुर में

**2. बिलासपुर के किरारी गांव से प्राप्त हुए -**

(अ) पत्थरों के स्तम्भ लेख (ब) धातु के स्तम्भ लेख

(स) लकड़ी के स्तम्भ लेख (द) मिट्टी स्तम्भ लेख

उत्तर- (स) लकड़ी के स्तम्भ लेख

**3. आदि मानव के शैलचित्र पाए गए हैं -** **SST 609.617.614**

(अ) सिंघनपुर की गुफा में (ब)किरारी गांव में

(स) सिरपुर में (द) लोथल में

उत्तर- (अ) सिंघनपुर की गुफा में

**4. गुरू घासी दास संग्रहालय है -**

(अ) रायपुर में (ब) बस्तर में

(स) सिरपुर में (द) बिलासपुर में

उत्तर- (अ) रायपुर में

**5. जो पुरानी बसाहटों को खोदकर उनके तथ्यों के बारे में पता लगाते हैं उसे कहते हैं -**

(अ) इतिहासकार (ब) पुरातत्ववेत्ता **SST 609. 610**

(स) विद्वान (द) साहित्यकार

उत्तर- (ब) पुरातत्ववेत्ता

**खाली स्थान भरो-**

**6. ताड़ के पत्तों पर लिखी बातों को ...................... कहते हैं।**

**7. आदिमानव अपनी बातों को......................में कहते थे ।**

**8. दुर्लभ वस्तुओं का संग्रहण......................में होता है।**

**9. कबरा की पहाड़ी पर बने शैलचित्र......................काल के हैं।**

**10. सिंघनपुर की गुफायें ...................... में स्थित है।**

**11. पाली ...................... है ।**

उत्तर - (6) ताड़पत्र (7) संकेतों में (8) संग्रहालय (9) आदिमानव (10) रायगढ़ जिले

(11) प्राचीन भाषा

**प्रश्न 12. बहुत समय पहले लोग पढ़ना लिखना नहीं जानते थे तब वे अपनी बात कैसे कहते थे?**
उत्तर -बहुत पहले लोग पढ़ना लिखना नहीं जानते थे इसलिए वे चित्र बनाकर अपनी बातेंकहते थे। **SST 609. 612**

**प्रश्न 13. शिलालेख किसे कहते हैं?** **SST 612**
उत्तर -पत्थरों पर खोदकर लिखि गई बातों को शिलालेख कहते हैं।

**प्रश्न 14. सिंघनपुर की गुफा क्यों प्रसिद्ध है?** **SST 609.611**
उत्तर -छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में स्थित काबरा पहाड़ी और सिंघनपुर स्थित है। सिघनपुर की गुफाओं में आदि मानव के शैलचित्र पाए गए है इसलिए ये गुफाएँ प्रसिद्ध है।

**प्रश्न 15. इतिहास किसे कहते हैं?** **SST 609.610.611.612.613.614.615.617**
उत्तर -पुरानी बातों को विभिन्न तरीकों के माध्यम से जानना ही इतिहास है। इतिहास जानने के कई तरीके या स्रोत्र है जैसे- पुराने ग्रंथ, शिलालेख, खुदाई से प्राप्त अवशेष, स्मारक, भवन, बर्तन, हथियार, चित्र, सिक्के एवं यात्रा संस्मरण।

**प्रश्न 16. पुरातत्ववेत्ता किसे कहते हैं?** **SST 612.613**
उत्तर - पुरातत्ववेत्तावे होते है जो पुरानी बसाहटों को खोदकर उनके बारे में तथ्यों का पता लगाते है। भूंकप, बाढ़ या अन्य प्राकृतिक या मानवीय घटनाओं के कारण पुराने भवन, नगर या वस्तुएँ पृथ्वी की तह में छिप जाती है उन पर मिट्‌टी, रेत या धूल की परत जमा के कारण दिखाई नहीं देते जिन्हें पुरातत्ववेत्ता खोजकर एवं खोदकर सबको उसे बारे में बताते है।

**प्रश्न 17.सिंघनपुर की गुफा क्यों प्रसिद्ध है?** **SST 609.610.611.612**

उत्तर - छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में स्थित काबरा पहाड़ी और सिंघनपुर स्थित है। सिंघनपुर की गुफाओं में आदि मानव के शैलचित्र पाए गए है इसलिए ये गुफाएँ प्रसिद्ध है।

**8.शिलालेख ताम्रपत्र भोजपत्र स्तंभलेख में क्या अंतर है?**

उत्तर -

| शिलालेख | ताम्रपत्र | भोजपत्र | स्तम्भ लेख |
|---|---|---|---|
| पत्थरों पर खोदकर लिखि गई बातों को शिलालेख कहते हैं। | तांबे के पत्रों पर खोदकर लिखि गई बातों को ताम्रपत्र कहते हैं। | विशेष प्रकार के पत्रों पर रंग या स्याही से लिखि गई बातों को भोजपत्र कहते हैं। | पत्थर, लोहे या काष्ठ के स्तभों पर लिखि गई बातों को स्तम्भ लेख कहते हैं। |

**प्रश्न19. पुराने ग्रंथो से हमें क्या पता चलता है?** **SST 614.617.618**

उत्तर - पुराने ग्रंथों से हमें उस समय के लोगों की सामाजिक आर्थिक राजनैतिक धार्मिक बातों की जानकारी मिलती है जैसे रामायण, महाभारत, गीता बाइबिल।

---000---

## अध्याय 2

## आदि मानव

**सही विकल्प चुनकर लिखो -**

**1. आदिमानव को बर्तनों एवं चूल्हों की आवश्यकता नहीं होती थी क्योंकि उन्हें-**

(अ) आग का ज्ञान नहीं था

(ब) भोजन पकाना नहीं जानते थे

(स) पका हुआ भोजन उन्हें अच्छा नहीं लगता था

(द) उनका स्थायी निवास नहीं था

उत्तर -(अ) आग का ज्ञान नहीं था

**2. आदि मानव आग का उपयोग करते थे -**

(अ) मांस भूंजकर खाने में　　(ब) जानवरों से रक्षा में

(स) ठंड से बचने के लिए　　(द) उपरोक्त सभी

उत्तर -(द) उपरोक्त सभी

**3. आदिमानव का पहला पालतू पशु था-**

(अ) गाय　　(ब) बकरी

(स) कुत्ता　　(द) भेड़

उत्तर -(स) कुत्ता

**4. आदि मानव खेती करता था-**

(अ)व्यावसायिक खेती　　(ब) बागाती खेती

(स) झूम खेती　　(द) गहन खेती

उत्तर -(स) झूम खेती

**5. आदि मानव का पहला औजार था-**

(अ) तलवार　　(ब) बंदूक

(स) तीर　　(द) पत्थर का टुकड़ा

उत्तर -(द) पत्थर का टुकड़ा

**खाली स्थान भरो-**

**6. आदि मानव ने सबसे पहले........................जानवर को पाला।**

**7. आदि मानव ........................खेती करते थे।**

**8. आदि मानव के औजार ........................से बने होते थे।**

**9. आदिमानव ........................से आग जलाते थे।**

**10. दुर्ग जिले के ........................की गुफाओंमें आदि मानवों के बनाए गए चित्र मिले हैं।**

उत्तर - (6)कुत्ता (7)झूम (8)पत्थरों (9)दो पत्थरों को आपस में टकराकर

(10)चितवाडोंगरा और डौंडीलोहारा

**प्रश्न11.आदिमानव के औजार किससे बने होते थे वे इसका उपयोग किसमें करते थे?** **SST 611.613**

उत्तर - आदि मानव के औजार पशुओं की हड्डियों व सींगों से बने होते थे वे इसका उपयोग जमीन खोदकर कंद-मूल निकालने जानवरों की खाल उतारने के लिए करते थे।

**प्रश्न 12. आदि मानव का जीवन पूर्णतः प्रकृति पर निर्भर था क्यों?** **SST 613**

उत्तर - आदिमानव का जीवन प्रकृति पर निर्भर था क्योंकि उन्हें खेती करना, आग जलाना, मकान बनाना नहीं आता था। अतः वे प्रकृति से प्राप्त वस्तुएँ जैसे कंद-मूल व जानवर से प्राप्त मॉस से अपनी भूख मिटाते थे। ठंड से बचने के लिए जानवरों की खाल का उपयोग करते थे तथा हिंसक पशुओं से रक्षा हेतु गुफाओं में रहते थे इस तरह वे पूर्णत प्रकृति पर निर्भर होते थे।

**SST 613**

**प्रश्न 13. आदिमानव को आग की जानकारी होने से क्या लाभ हुआ?**

उत्तर - आदिमानव को आग की जानकारी होने पर वह मांस को आग में भूनकर खाने लगा तथा ठंड से अपने शरीर की रक्षा करने लगा।

**SST 613**

**प्रश्न14. स्थानान्तरण खेती किसे कहते हैं?**

उत्तर - आदिमानव जो खेती करते थे वे आज की तरह स्थायी नहीं होती थी यानि एक ही खेत में साल दर साल खेती नहीं की जाती थी इस समय खेती के लिए पहले, कुछ क्षेत्र के जंगलों को जाकर साफ किया जाता था फिर उस स्थान पर दो तीन साल तक लगातार खेती की जाती थी उसके बादउस स्थान को छोड़कर दूसरे स्थान में खेती करते थे। इस तरह की खेती को स्थानान्तरण खेती या झूम खेती कहते हैं।

**प्रश्न 15. ऐसी वस्तुओं की सूची बनाओ जिसे आप बिना पकायें खा सकते है?** **SST 613**

उत्तर -विभिन्न प्रकार के कंद मूल जैसे-गाजर मूली चुकन्दर कुछ खाद्य सामग्री जैसे -गन्ना मटर मुंगफल्ली,विभिन्न प्रकार के फल जैसे आम, अमरूद, केला आदि।

**प्रश्न 16. छत्तीसगढ़ में आदिमानव के अवशेषों का वर्णन करो?** **SST 609.610.612.613**

उत्तर - छत्तीसगढ़ में रायगढ़ जिले के काबरा पहाड़ी और सिंघनपुर तथा दुर्ग जिले के चितवाडोगरी और डौंडीलोहारा की गुफाओं में आदि मानवों के बनाएं गए चित्र मिले है। ये चित्र रंगीन है इनमें छिपकली, घड़ियाल तथा अन्य पशुओं के चित्र है। सिंघनपुर की गुफाओं में गहरे लाल रंग के चित्र है। यहाँ मनुष्य की आकृतियां बनी है तथा आड़ी तिरछी लकीरें भी बनाई गई है एक आकृति में कुछ लाल रंग है तथा एक और आकृति में कुछ लोग एक पशु का शिकार करते हुए दिखाए गए है सीढ़ीनुमा आकृति इन चित्रों की विशेषता है।

**प्रश्न 16. आदिमानव एवं वर्तमानमानव में निम्न बिंदुओं में अंतर स्पष्ट करो-**

| **बिंदु** | **आदिमानव** | **वर्तमान मानव** |
|---|---|---|
| भोजन | | |
| कपड़ा | | |
| आवास | | |
| मनोरंजन के साधन | | |
| शिक्षा | | |
| व्यवसाय | | |

उत्तर -

| **बिंदु** | **आदिमानव** | **वर्तमान मानव** |
|---|---|---|
| भोजन | कच्चा मांस खाते हैं | पका हुआ भोजन करतेहैं |
| कपड़ा | पेड़पौधे की छाल एवं पशुओं के खाल केवस्त्र पहनते थे | रंगीन तथा रेडीमेड वस्त्र पहनतेहैं |
| आवास | गुफाओंमें रहते थे | पक्के मकानों में रहते हैं |
| मंनोरंजन के साधन | पत्थरों के तथा लकड़ियों केआभूषणपहनना आदि। नाच गाना, चित्र बनाना। | पार्क सिनेमा माल आदि |
| शिक्षा | शिक्षा नहीं थी | शिक्षित हैं |
| व्यवसाय | खेती करते थे | विभिन्न व्यवसाय, उघोग |

---000---

# अध्याय 3

# सिंधु घाटी की सभ्यता

**सही विकल्प चुनकर लिखो -**

**1.मोहनजोदड़ो एवं हड़प्पा स्थित है -** **SST 609**

(अ) भारत के पंजाब प्रांत में

(ब) पाकिस्तान के पंजाब एवं सिंधु प्रान्त में

(स) राजस्थान, गुजरात में

(द) सिन्धु नदी के किनारे

उत्तर- (ब) पाकिस्तान के पंजाब एवं सिंधु प्रान्त में

**2.सिंधु घाटी की सभ्यता थी -** **SST 613**

(अ) ग्रामीण सभ्यता (ब) नगरीय सभ्यता

(स) अर्द्धनगरीय सभ्यता (द) पाश्चात्य सभ्यता

उत्तर- (ब) नगरीय सभ्यता

**SST 613.614**

**3.मोहनजोदड़ो के नगर बसे थे -**

(अ) आजकल के गांवों की तरह (ब) टेड़ी मेढ़ी गलियों की तरह

(स) एक निश्चित योजना के अनुसार (द) वास्तुशास्त्र के अनुसार

उत्तर- (स) एक निश्चित योजना के अनुसार

**SST 613**

**4.हड़प्पा संस्कृति का विकास हुआ -**

(अ) सिंधु नदी के किनारे (ब) चिनाब नदी के किनारे

(स) महानदी के किनारे (स) गंगा नदी के किनारे

उत्तर- (अ) सिंधु नदी के किनारे

**SST 613**

**5. मोहनजोदड़ो की खुदाई में प्राप्त हुआ -**

(अ) सुनियोजित नगर (ब) सोने के भंडार

(स) डाइनासोर के अवशेष (द) मानव अवशेष

उत्तर- (अ) सुनियोजित नगर

**खाली स्थान भरो -**

**6.सिंधु घाटी सभ्यता का विकास ............. में हुई थी।**

**7.सिंधु नदी प्रवाहित होती है।**

**8.सिंधु सभ्याता भारत में ............. में पाई गई है।**

**9.समुद्र के किनारे स्थित वह स्थान जहाँ जहाज खड़ा किया जाता है उसे .............कहते हैं ।**

**10.सिंधु घाटी के लोगों को ............. का ज्ञान नहीं था।**

उत्तर-(6) सिन्धु (7) भारत के पश्चिम (8) नगरीय सभ्यता (9) गोदी (10) खनिज

**प्रश्न 11.सिंधु सभ्याता के लोगों के रहन -सहन का वर्णन कीजिए?** **SST 613.614**

उत्तर - सिंधु सभ्याता के लोगोंका मुख्य व्यवसाय कृषि था वे पशुपालन भी करते थे। संभवतःये इसी कारण नदियों के किनारे बसे थे। सिंधु वासियों की मुख्य फसल गेहूँ, जौ, तिल, कपास आदि थी। दैनिक जीवन में पत्थरों से बने औजारों का काफी महत्व था। कुम्हार बहुत अच्छे कारीगर थे।

**प्रश्न 12. सिंधु नदीघाटी का मैदान किन किन देशों के बीच फैला है?** **SST 610**

उत्तर - सिंधु नदी घाटी का मैदान पाकिस्तान एवं भारत के बीच फैला है।

**प्रश्न 13. सिंधु घाटी वासी क्या -क्या काम करते थे?** **SST 613**

उत्तर - सिंधु घाटी के लोगों का मुख्य व्यवसाय कृषि था वे पशुपालन भी करते थे। इसी कारण वे नदियों के किनार बसते थे।

**प्रश्न 14. हड़प्पा और मोहनजोदड़ों कहां पर है इनकी खोज किसने की?** **SST612**

उत्तर - हडप्पा और मोहनजोदड़ों वर्तमान पाकिस्तान के पंजाब एवं सिंध प्राप्त में है। मोहनजोदड़ों की खुदाई सन् 1922 ई में श्री राखदास बनर्जी के नेतृत्व में की गई थी।

**प्रश्न 15.सिंधु सभ्यता लोगों की नगर योजना कैसी थी?** **SST613**

उत्तर - सिंधु सभ्यता के नगर आज के शहरों में बने कालोनियों की तरह सुनियोजित ढंग से बसाए गए थे। नगर दो हिस्सों मे बसे थे। एक हिस्सा उपर भाग में था जिसके चारों तरफ एक परकोटा था दूसरा हिस्सा थोड़ा नीचे की तरफ था।निचले भाग के नगर में बसाहट अधिक थी। सड़के चौडी और सीधी थी जो एक दूसर को समकोण पर काटती थी सड़क के दोनों किनारों पर मकान और नालियाँ बनी थी मकान पक्की ईटों से बने थे तथा एक मंजिलाऔर दूसरे मंजिला दोनों तरह के थे। मकानों में आंगन शौचालय और स्नानघर बने हुए थे। प्रत्येक मकान में पानी के निकास के लिए नालियाँ बनी थी जो सड़क के किनारे प्रमुख नालियों में जाकर मिलती थी नालियाँ पक्की और ढंकी हुई होती थी इन सब बातों से स्पष्ट है कि सिंधु सभ्याता की सबसे बड़ी विशेषता सुनियोजित ढंग से बनाएं गये मकान और बसाए गए नगर थे।

**प्रश्न 16. विभिन्न सभ्यताओं का नदियों के किनारे विकसित होने के क्या कारण है?** **SST 613**

उत्तर - नदियों के क्षेत्र मैदानी होते है यहाँ की उपजाऊ मिट्टी खेती के लिए उपयुक्त होती है तथा नदियों में जल भी पर्याप्त होता है अतः सभ्यताओं का विकास नदियों के किनारे हुआ है।

**SST 609.610**

**प्रश्न 17. सिरकट्टी -पांडुका क्यों प्रसिद्ध है?**

उत्तर - लोथल की तरह छत्तीसगढ़ में गरियाबंद जिले पांडुका ग्राम के पास सिरकट्टी नामक स्थान पर पैरी नदी में प्राचीन बंदरगाह का अवशेष प्राप्त हुएहै। यहाँ पर स्थित डाकयार्ड अर्थात व्यापारिक नाव खड़े होने की गोदी है। यह चट्टानों को काट कर बनाई गई थी जो 5 से 6.5मीटर तक चौड़ी है। ऐसा अनुमान है बंदरगाह के साथ वस्तु -विनियम केन्द्र भी था।यहाँ से देश- विदेश को नदी मार्ग द्वारा व्यापार होता था। यह लोथल में प्राप्त बंदरगाह के बाद का है लेकिन उसके समान ही है।

---000---

# अध्याय 4

# वैदिक काल

**सही विकल्प चुनकर लिखो -**

**1.उत्तर वैदिक काल में कृष्ण अयस्क या काला धातु कहते थे -** **SST616**

(अ) लोहा (ब) पत्थर

(स) लकड़ी (द) हड्डी

उत्तर- (अ) लोहा

**2.सूक्त का अर्थ होता है-**

(अ) अच्छी तरह से बोले गए मंत्र (ब) अच्छी तरह से सुने गए मंत्र

(स) अच्छी तरह से पढ़े गए मंत्र (द) अच्छी तरह से लिखे गए मंत्र

उत्तर- (अ) अच्छी तरह से बोले गए मंत्र

**3.ईसवी सन् प्रारंभ माना जाता है -**

(अ) मौर्यकाल से (ब) वैदिक काल से

(स) गुप्तकाल से (द)ईसा मसीह के जन्म समय से

उत्तर- (द)ईसा मसीह के जन्म समय से

**4.वैदिक संस्कृति का विकास किया गया-**

(अ) आर्यो द्वारा (ब) द्रविड़ों द्वारा

(स) तमिलों द्वारा (द) आदिमानव द्वारा

उत्तर - (अ) आर्यो द्वारा

**5.3500 से 4000 वर्ष पूर्व सिंघुःसरस्वती नदियों के मैदान में एक नई संस्कृति का विकास हुआ उसे कहते हैं -**

(अ) हड़प्पा संस्कृति (ब) वैदिक संस्कृति

(स) यूनानी संस्कृति (द) मिश्र की संस्कृति

उत्तर - (ब) वैदिक संस्कृति

**खाली स्थान भरो -**

**6. वैदिक काल का समय .................... था।**

**7.संसार का सबसे प्राचीनतम ग्रंथ .................... है।**

**8.वेदों की भाषा .................... थी।**

**9.वैदिक काल के लोगों का मुख्य व्यवसाय .................... था।**

**10.रामायण की रचना .................... जनपद की बातों पर आधारित है।**

उत्तर - (6)आज से 3500 से 4000 पूर्व (7)ऋगवेद (8)संस्कृत (9)पशुपालन(10)कोसल

**प्रश्न 11. वैदिक काल में जनपद किसे कहते थे?** **SST610**

उत्तर - जन के लोग जिस क्षेत्र में निवास करते थे उनको जनपद कहा जाने लगा
जैसे- कुरूजनपद, पांचाल, जनपद, सूरसेन, जनपद।

**प्रश्न 12. वेद कितने प्रकार के है?** **SST618**

उत्तर - वेद चार प्रकार के है-

1. ऋगवेद
2. यजुर्वेद
3. सामवेद
4. अथर्ववेद

**प्रश्न 13. वेदों को श्रुति साहित्य क्यों कहा जाता है?** **SST618**

उत्तर - वेदों को श्रुति साहित्य कहा जाता है। श्रुति का आशय सुना गया श्रुति परम्परा के अनुसार गुरू द्वारा शिष्य को मौखिक रूप से वेद मंत्र सिखाए जाते हैं। सुनकर शिष्य सस्वर पाठ करते थे इस तरह यह ज्ञान पीढ़ी दर पीढ़ी सावधानी पूर्वक हस्तांतरित होता रहता था।

**प्रश्न 14. वैदिक काल मे रचित रामायण एवं महाभारत की क्या विशेषताएँ है? वर्णन करो।**

**SST611.618.615**

उत्तर - वैदिक काल में हमारे देश के दो महाकाव्य रामायण और महाभारत की रचना हुई। महर्षि वाल्मीकि द्वारा रामायण की रचना कोसल जनपद की बातों पर आधारित है इस प्रकार महर्षि व्यास द्वारा महाभारत की रचना कुरू,पाँचाल और सूरसेन जनपद की बातों पर आधारित है। दोनों महाकाव्य भारतीय संस्कृति के आधार है इन महाकाव्यों ने मानव जीवन के सभी क्षेत्रों को प्रभावित किया है।

**प्रश्न 15. गणतांत्रिक व्यवस्था का क्या आशय है?** **SST615**

उत्तर - वैदिक काल की शासन व्यवस्था गणतांत्रिक थी अर्थात राजा का पद वंशानुगत नहीं होता था अर्थात पिता के बाद पुत्र ही राजा नहीं बन सकता था राजा को सभी महत्वपूर्ण निर्णय सभा के सदस्यों की सलाह से लेना होता था। इसलिए वह अपने जन पर मनमानी नहीं कर सकता था।

**प्रश्न 16. ऋगवैदिक या पूर्व,उत्तर वैदिक एवंउत्तर वैदिक काल में क्या अंतर है?**

उत्तर -

| ऋगवैदिक या पूर्वउत्तर वैदिक | उत्तर वैदिक काल |
|---|---|
| ऋगवैदिक या पूर्व उत्तर वैदिक में लोग सप्तसिंधु प्रदेश में रहते थे। सप्तसिंधु का अर्थ है सात नदियाँ जो सिंधु नदी और उनकी सहायक नदियों का क्षेत्र है । वैदिक काल के लोगों का मुख्य व्यवसाय पशुपालन था। वे गायों की पूजा करते थे। उनका अन्य उपयोगी पशु घोड़ा था। | उत्तर वैदिक काल वह काल था जब यजुर्वेद, सामवेद एवं अथर्ववेद की रचना हुई इस समय वैदिक संस्कृति सिंधु सरस्वती नदियों के क्षेत्र से आगे बढ़कर गंगा, यमुना नदी के मैदान तक फैल चुकी थी इस काल में कृषि की उन्नति के कारण नए उघोग धंघों का भी विकास हुआ। इससे राज्यों का बनना और विकास होने लगा। |

**प्रश्न 17. वैदिक काल में युद्ध क्यों होते थे?** **SST613**

उत्तर - वैदिक काल में कभी कभी पशुओं या चारागाहों के लिए जन एक दूसरे से युद्ध करते थे उनकी कोई स्थाई सेना नहीं होती थी आवश्यकता पड़ने पर जन के सभी पुरूष मिलकर युद्ध करने जाते थे। युद्ध मे राजा उनका नेतृत्व करता था। हारे हुए लोगों के पशु,धन-संपदा, चारागाह आदि विजेता राजा अपने जन के लोगों में बाँट देता था?

---000---

# अध्याय 5

## महाजनपद काल

**सही विकल्प चुनकर लिखो -**

**1.किसी राजा के मरने के बाद उसके बड़े बेटे को राजा बनाने की प्रथा को कहते थे-** **SST612**

(अ) वंशानुगत (ब) परम्परागत

(स) राजतंत्र (द) गणतंत्र

उत्तर- (स) राजतंत्र

**2.महाजनपद में मगध राज्य की राजधानी थी -**

(अ) उज्जैन (ब) चम्पा

(स) चेदि (द) वैशाली

उत्तर- (अ) उज्जैन

**3.प्राचीन भारत में जनपदों की संख्या थी -**

(अ)14 (ब)15

(स) 16 (द)17

उत्तर- (स)16

**4.महाजनपद काल में सिक्के बनाएं जाते थे -**

(अ) धातु के टुकड़ों पर ठप्पा लगाकर (ब) सोने को गलाकर

(स) कागज पर (द) चमड़े पर ठप्पा लगाकर

उत्तर- (अ) धातु के टुकड़ों पर ठप्पा लगाकर

**5.महाजनपद काल में पहले लेन-देन होता था-**

(अ) वस्तु के बदले वस्तु से (ब) वस्तु के बदले रूपये से

(स) वस्तु के बदले सोने से (द) वस्तु क बदले चांदी से

उत्तर- (अ) वस्तु के बदले वस्तु से

**खाली स्थान भरो -**

**6.यूनान के मकदूनिया राज्य का राजा ................... था।**

**7.नंदवंश का अंतिम राजा ................... था।**

**8.महाजनपद काल के किसानों को अपने उपज का ...................हिस्सा कर के रूप में देना पड़ता था।**

**9.महाजनपद काल में अंवति राज्य  की राजधानी ................... थी।**

**10.प्राचीन भारत में महाजनपदों की संख्या ................... थी।**

उत्तर - (6) सिकंदर (7) धनानंद  (8) छठवाँ  (9) उज्जैन  (10)16

**प्रश्न 11. महाजनपद काल का समय कब से कब तक था?** **SST614**

उत्तर - महाजनपद काल का समय 600 ईसापूर्व से 325 ईसापूर्व तक था।

**प्रश्न 12. सोलह जनपदों के नाम लिखिए-** **SST613**

उत्तर - कुरू, पांचाल,  कोसल, मल्ल, वज्जि,  सूरसेन चेदि,  काशी,  मगध, अंग, अंवति अस्मक,कांबोज, गांधार।

**प्रश्न 13. जन जनपद और महाजनपद में क्या अंतर है?**

उत्तर -

| **जन** | **जनपद** | **महाजनपद** |
|---|---|---|
| एक वंश के लोगों का कबीला जन कहलाता था। | जनपद- एक जन के लोगों के बसने एवं खेती करने के इलाकों को जनपद कहा जाता था। | शक्तिशाली एवं बड़े जनपद को महाजनपद कहते थे। |

**प्रश्न 14.अजातशत्रु कौन था?** **SST609**

उत्तर - अजातशत्रु बिंबिसार का बेटा था उसने अपने पिता की हत्या कर स्वयं राजा बना। राजा बनने के बाद उसने अपने पिता की नीति को अपनाया तथा मगध का विस्तार किया। उसने वज्जि गणतंत्र में फूट डालकर अपने राज्य में मिला लिया उसके शासन काल में राजगृह के निकट सप्तपर्णी गुफा मे प्रथम बौद्ध सम्मेलन हुआ था।

**प्रश्न 15. सिकन्दर और पोरस के बारे में आप क्या जानते है?** **SST614.610.611**

उत्तर - सिकंदर यूनान के मदूनिया राज्य का राजा था। वह विश्व विजय करने निकला था और मध्य एशिया के राज्यों को जीतता हुआ 326 ई.पूर्व में उसने पंजाब के राज्यों पर आक्रमण किया।

कुछ राज्यों को जितने के बाद उसका सामना पंजाब के एक राजा पोरस से हुआ। कहा जाता है कि हारने के बाद जब राजा पोरस को सिकंदर के सामने लाया गया और सिकंदर ने उससे पूछा कि- आपके साथ कैसा व्यवहार किया जाए? तब पोरस नेउत्तर दिया- जैसे एक राजा दूसरे राजा के साथ व्यवहार करता है पोरस के इस जवाब से सिंकदर बहुत प्रभावित हुआ और उससे मित्रता कर ली। इसके बाद सिंकदर और आगे मगध की ओर बढ़ना चाहता था। लेकिन उसकी सेना ने आगे बढ़ने से इंकार कर दिया। इस प्रकार सिकंदर अपने देश लौट गया।

**SST615**

**प्रश्न 16. महाजनपदों में कर का क्या महत्व था?**

उत्तर - महाजनपद काल में सभी लोगों को कर देना पड़ता था। किसानों को अपनी उपज का छठवॉ हिस्सा कर के रूप में देना पड़ता था। शिल्पकारों को अपनी बनाई वस्तु के रूप में कर देना पड़ता था। व्यापारियों को भी वस्तु के रूप में कर देना पड़ता था।

**SST610.611**

**प्रश्न 17. मगध को शक्तिशाली बनाने में बिंबिसार का क्या योगदान था?**

उत्तर - बिबिसार मगध का पहला प्रमुख राजा था उसने एक शक्तिशाली सेना बनाई ।उसने सेना  एवं नीति दोनों से काम लेकर मगध को शक्तिशाली बनाना शुरू किया। बिंबिसार एक योग्य शासक था। उसने राजगृह को अपनी राजधानी बनाया जो चारों तरफ से पहाड़ियों द्वारा सुरक्षित थी। वह अपने राज्य की शासनव्यवस्था पर कड़ी नजर रखता था। उसके समय में अपराधियों को कठोर सजा दी जाती थी। उसने किसानों और व्यापारियों से नियमित कर वसूल करने की व्यवस्था बनाई उन करों से सेना, कर्मचारी एवं राजा का खर्च चलता था।

---000---

## अध्याय 6

## नवीन धार्मिक विचारों का उदय

**सही विकल्प चुनकर लिखो -**

**1. जैन धर्म में कैवल्य प्राप्ति का अर्थ है-** **SST618**

(अ) सच्चे ज्ञान की प्राप्ति (ब) सच्चे धर्म की प्राप्ति

(स) सच्चे अर्थ की प्राप्ति (द) सच्चे मोक्ष की प्राप्ति

उत्तर- (अ) सच्चे ज्ञान की प्राप्ति

**SST618**

**2. जैन धर्म में किसको जिन और महावीर कहा गया है?**

(अ) गौतम बुद्‌ध को (ब) सिद्‌धार्थ को

(स) वर्धमान (द) त्रिशलादेवी को

उत्तर- (स) वर्धमान

**3. किस धर्म में महापुरूषों को तीर्थकर कहा जाता है-**

(अ) जैन (ब) बौद्‌ध

(स) हिन्दू (द) सिक्ख

उत्तर - (अ) जैन

**4. गौतम बुद्‌ध ने अपना पहला भाषण किस भाषा में दिया -**

(अ) प्राकृत (ब) पाली

(स) संस्कृत (द) हिन्दी

उत्तर - (अ) प्राकृत

**5. बोधी वृक्ष कहा जाता है -**

(अ) बरगद (ब) पीपल

(स) आम (द) सागौन

उत्तर - (ब) पीपल

**खाली स्थान भरो -**

**6.गौतमबुद्ध ने अपना पहला उपदेश .................भाषा में दिया।**

**7.त्रिरत्न एवं पंच महाव्रत .................धर्म से संबंधित है।**

**8.गौतमबुद्ध के बचपन का नाम ................. था।**

**9.त्रिपिटक में .................है।**

**10.प्राचीन काल में दक्षिण कौशल की राजधानी .................थी।**

उत्तर - (6) प्राकृत (7) जैन (8) सिद्धार्थ (9) बौद्ध धर्म की शिक्षायें (10)सिरपुर

**प्रश्न 11. जैन धर्म में त्रिरत्न किसे कहा गया है?** **SST615**

उत्तर - त्रिरत्न अर्थात तीन रत्न जो है -

1. सम्यक ज्ञान - सत्य और असत्य का ज्ञान होना
2. सम्यक दर्शन - सच्चा ज्ञान
3. सम्यक चरित्र - अच्छा कार्य करना गलत कार्य त्यागना।

**प्रश्न 12. पंच महाव्रत क्या है?** **SST614**

उत्तर - त्रिरत्न की प्राप्ति पंचमहाव्रत से होती है इनका पालन करने से मनुष्य को ज्ञान तथा निर्वाण अर्थात जन्म एवं मृत्यु की प्राप्ति होती हैं। ये पंचमहाव्रत है -1. सत्य 2. अहिंसा 3. अस्तेय 4. अपरिग्रह 5. ब्रम्हचर्य

**प्रश्न 13. नवीन धार्मिक विचारों का उदय क्यों हुआ?** **SST618**

उत्तर - वैदिक धर्म में अधिक कर्मकांड तथा समाज के विभिन्न वर्गो में भेदभाव एव संघर्ष के कारण नए धर्मों की शुरूआत हुई इनमें जैन धर्म और बौद्ध धर्म प्रमुख थे।

**प्रश्न 14. बौद्ध धर्म के अनुसार चार आर्य सत्य क्या है?** **SST618**

उत्तर - बौद्ध धर्म के अनुसार चार आर्य सत्य को हमेशा याद रखना चाहिए ये सच्चाईयाँ ही बौद्ध धर्म के मूल आधार है। ये है -

1. संसार में दुख है
2. दुख का कारण तृष्णा है
3. तृष्णा को त्यागकर दुख से छुटकारा पाया जा सकता है
4. सही आचरण एवं सभी बातों में मध्यम मार्ग अपनाकर दुख पर विजय पाया जा सकता है

**प्रश्न 15. महावीर स्वामी को जिन और महावीर क्यों कहा गया है?** **SST614**

उत्तर - महावीर स्वामी ने 12 वर्ष की आयु में कठोर तपस्या की जिसे उन्हें कैवल्य अर्थात सच्चे ज्ञान की प्राप्ति हुई। कठोर तपस्या और सहनशीलता के कारण उन्हें महावीर कहा जाने गया एवं इंद्रियों जितने के कारण उन्हें जिन भी कहा गया।

**SST617.614**

**प्रश्न 17. गौतम बुद्ध का वर्णन निम्नलिखित बिंदुओं में कीजिए -**

उत्तर - गौतम बुद्ध का जन्म, बचपन का नाम, सन्यासी जीवन बौद्ध धर्म की शिक्षाएँ

**गौतम बुद्ध का जन्म -**गौतम बुद्ध का जन्म नेपाल के लुम्बिनी में ईसा पूर्व 563 को हुआ था।

**बचपन का नाम -** इनके बचपन का नाम सिद्धार्थ था।

**सन्यासी जीवन -** गौतम बुद्ध ने जीवन की अनेक परेशानियों को देखकर विचलित हुए फिर उन्होंने एक सन्यासी को देखा और उससे प्रभावित होकर 29 वर्ष की आयु में सन्यास ले लिया।

**बौद्ध धर्म की शिक्षायें -**ये है -1. संसार में दुख है 2. दुख का कारण तृष्णा है3.तृष्णा को त्यागकर दुख से छुटकारा पाया जा सकता है 4. सही आचरण एवं सभी बातों में मध्यम मार्ग अपनाकर दुख पर विजय पाया जा सकता है

**प्रश्न 16. बौद्ध काल में कौन सा चीनी यात्री छत्तीसगढ़ आया था उसने अपनी किताब में छत्तीसगढ़ के बारे में क्या बताया?** **SST615**

उत्तर - छत्तीसगढ़ पुराने समय में बौद्ध धर्म का केन्द्र रहा है सातवीं शताब्दी में चीनी यात्री ह्वेन-त्सांग छत्तीसगढ़ आया था उसने अपने यात्रा विवरण में यह लिखा है कि दक्षिण कोसल की राजधनी सिरपुर बौद्ध शिक्षा का केन्द्र था। यहाँ सैकड़ों विहार थे तथा यहाँ लगभग दस हजार बौद्ध भिक्षुक निवास करते थे सिरपुर की गई खुदाई से प्राप्त अनेक सुंदर बौद्ध मूर्तियों व मंदिरों आधार पर भी यह कहा जा सकता है कि यहाँ बौद्ध धर्म का महत्वपूर्ण केन्द्र था।

---000---

# अध्याय 7

# मौर्य वंश और राजा अशोक

**सही विकल्प चुनकर लिखो -**

**1. किस राजा ने चाणक्य की मदद से मगध के राजा को हराया था-**

(अ) चन्द्रगुप्त (ब) अशोक

(स) सिकंदर (द) घनानंद

उत्तर- (अ) चन्द्रगुप्त

**2.चाणक्य द्वारा लिखित पुस्तक है-**

(अ) धर्मशास्त्र (ब) अर्थशास्त्र

(स) नीतिशास्त्र (द) वाणिज्यशास्त्र

उत्तर- (ब) अर्थशास्त्र

**3.धर्म का तात्पर्य है-**

(अ) धर्म (ब) कर्म

(स) पूजापाठ (द) मोक्ष

उत्तर- (द) मोक्ष

**4.महामात्र कहा जाता था-**

(अ) बड़े अधिकारी को (ब) छोटे अधिकारी को

(स) कर्मचारी को (द) राजकुमारों को

उत्तर- (अ) बड़े अधिकारी को

**5.अशोक ने अपने विचार पत्थरों के खम्भों और चट्टानों पर किस भाषा में खुदवाये-**

(अ) संस्कृत (ब) प्राकृत

(स) हिन्दी (द)पाली

उत्तर- (द)पाली

**खाली स्थान भरो -**

**6.अशोक के राज्य की.................... राजधानी थी।**

**7.सम्राट अशोक ने ....................धर्म अपनाया।**

**8.चन्द्रगुप्त के पौत्र का नाम .................... था।**

**9.सारनाथ स्तंभ को .................... ने बनवाया था।**

**10.मेगस्थनीज द्वारा रचित पुस्तक का नाम .................... है।**

उत्तर - (6) कलिंग (7) बौद्ध (8) अशोक (9) अशोक (10)इंडिका

**प्रश्न 11. मेगस्थनीज कौन था उसने कौन सी पुस्तक लिखि तथा अपनी पुस्तक में उसने क्या लिखा है?** **SST610**

उत्तर -सेल्यूकस ने चंद्रगुप्त से मित्रता कर मेगस्थनीज नामक राजदूत को भेट स्वरूप दिया। इसी समय मेगस्थनीज ने जो कुछ देखा उसे अपनी पुस्तक इंडिका मे वर्णन किया।

**प्रश्न 12. सम्राट अशोक ने प्रजा तक अपने विचार पहुँचाने के लिए क्या किया?** **SST612.615**

उत्तर -इस काम के लिए उसने धर्ममहापात्र नामक अधिकारी रखे  जो गाँव -गाँव, नगर -नगर के दौरे कर प्रजा को सही व्यवहार की बातें बताते थे। दूर-दराज के क्षेत्रों में यही बातें उसने पत्थर के स्तम्भों  और चट्टानों पर खुदवाए।

**प्रश्न 13. सम्राट अशोक द्वारा बांटे गए चार प्रान्तों के नाम बताओ।** **SST612**

उत्तर -अशोक का राज्य बहुत विशाल था। अपने राज्य की देखभाल के लिए उसने अपने राज्य को चार प्रांतों में बाँटा वे है 1. उत्तर में तक्षशिला 2. दक्षिण में सुवर्णगिरी 3. पूर्व में तोसली 4. पश्चिम में उज्जयिनी।

**प्रश्न 14. सम्राट अशोक ने कलिंगयुद्ध जीतने के बाद कभी युद्ध न करने का संकल्प क्यों लिया?** **SST612**

उत्तर -अशोक ने यद्यपि कलिंग युद्ध जीत लिया था किन्तु यह युद्ध जीतने के बाद भी वह बहुत दुखी हुआ क्योंकि युद्ध में लाखों सैनिक मारे गए थे, हजारों घायल हुए अनेक स्त्री पुरूष बेसहारा हुए यह देखकर वह बहुत दुखी हुआ और उसने युद्ध न करने तथा हथियारों से शत्रु को हराने की जगह धर्म के रास्ते पर चलकर लोगों के दिलों को जीतने का संकल्प लिया।

**प्रश्न 15. राष्ट्रीय चिन्ह क्या है इसे कहाँ से लिया गया है?** **SST612.614**

उत्तर -राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह में चार सिंहवाली मूर्ति में सिंह के अतिरिक्त बैल, घोड़ा और चौबीस तीलियों वाली चक्र की आकृति बनी हुई है। सिंह को शक्ति का, बैल को श्रम का, घोड़े का ऊर्जा और गति का, और चक्र को निरंतर कार्य और प्रगति का प्रतीक माना गया है

चक्र के नीचे सत्यमेव जयते लिखा है जिसका अर्थ है- केवल सत्य की जय होती है यह सारनाथ स्तम्भ से लिया गया है।

**प्रश्न 16. अशोक के धर्म के बारे में आप क्या जानते हो?** **SST612.617**

उत्तर -अशोक के धर्म में किसी देवी, देवता, पूजापाठ, व्रत, उपवास या यज्ञ करने की बात नहीं की गई थी। अशोक अपनी प्रजा से वैसे ही व्यवहार करता था जैसे एक पिता अपने पुत्र से। हिंसा अत्याचार पर अशोक को बहुत दुख होता था उसने विचार किया कि एक राजा होने के नाते उसकी यह जिम्मेदारी है किवह प्रजा को सही राह दिखाए। इस काम के लिए उसने धर्ममहापात्र नामक अधिकारी रखे जो गाँवगाँव, नगर नगर के दौरे कर प्रजा को सही व्यवहार की बातें बताते थे। दूर-दराज के क्षेत्रों में यही बातें उसने पत्थर के स्तम्भों  और चट्टानों पर खुदवाए।

**SST614.617**

**प्रश्न 17. अशोक की शासन व्यवस्था कैसी थी?**

उत्तर -उचित संचालन हेतु अशोक ने अपने राज्य को चार प्रांतों में बांटा था इन नगरों की देखभाल राजकुमार करते थे अनेक अधिकरी और कर्मचारी उन्हें सहयोग देते थे। ये कर्मचारी गाँवों और शहरों की व्यवस्था को संभालते थे। किसानों,कारीगरों व व्यापारियों से लगान वसूल करते थे और राजा की आज्ञा का पालन न करने वालों को दंड देते थे। इसके अलावा कुछ बडे अधिकारी भी थे जिन्हे महामात्र कहा जाता था वे राज्यभर का दौरा करते और शासन का काम देखते थे उन्होंने लोगों की भलाई के लिए कई सड़के बनवाई और कुएं खुदवाए थे।

---000---

# अध्याय 8

# विदेशों से व्यापार और संपर्क

**सही विकल्प चुनकर लिखो -**

**1.सम्राट अशोक के समय के सिक्के थे -**

(अ) कागज के (ब) चांदी तथा तांबे के ठप्पा लगाकर

(स) वर्तमान सिक्कों की तरह (द) सोने के

उत्तर -(ब) चांदी तथा तांबे के ठप्पा लगाकर

**2.विश्व प्रसिद्ध चरक संहिता और सुश्रुत संहिता किससे संबंधित है-**

(अ) चिकित्सा शास्त्र से (ब) वनस्पति शास्त्र से

(स) भौतिकशास्त्र से (द) अर्थशास्त्र से

उत्तर -(अ) चिकित्सा शास्त्र से

**3.कुषाण वंश का प्रमुख शासक था-**

(अ)कनिष्क (ब) अशोक

(स) चाणक्य (द) घनानंद

उत्तर -(अ)कनिष्क

**4.प्राचीन समय में श्रेष्ठ या सेठ कहा जाता था-**

(अ) किसानों को (ब) व्यापारियों को

(स) सेवकों को (द) जनता को

उत्तर -(ब) व्यापारियों को

**5.प्राचीन काल में भारतीय व्यापारी इंडोनेशिया, अरब, अफ्रीका आदि देशो में पहुँचते थे-**

(अ) सड़क मार्ग से (ब) जल मार्ग से

(स) वायु मार्ग से (द) रेल मार्ग से

उत्तर -(अ) सड़क मार्ग से

**खाली स्थान भरो -**

**6.इंडोनेशिया में भारत का ................. ग्रंथ बहुत लोकप्रिय है।**

**7.गांधार और मथुरा में .................का बहुत विकास हुआ।**

**8.रोमन साम्राज्य और यूनान के संपर्क में आने के कारण ................. जानकारियों का आदान प्रदान हुआ।**

**9.सुश्रुत संहिता में ................. की जानकारी है।**

**10.अंकोरवाट मंदिर ................. में है।**

उत्तर - (6) रामायण (7) मूर्तिकला (8)ज्योतिष,खगोलशास्त्र,गणित (9)चिकित्सा शास्त्र (10) कंबोडिया

**प्रश्न 11.रेशम मार्ग किसे कहते थे?** **SST613**

उत्तर -चीन से मध्य एशिया होते हुए भूमध्य सागर तक एक रास्ता जाता था। उस मार्ग से चीन के रेशम का व्यापार होता था। इसलिए इसको रेशमी मार्ग या सिल्क रूट कहते थे।

**प्रश्न 12. भारतीय व्यापारी उन दिनों विदेशों से क्या क्या खरीदते और बेचते थे?** **SST619**

उत्तर -भारतीय व्यापारी कालीमिर्च, इलायची,दालचीनी, सुंदर कपड़े, चंदन, कीमती पत्थरों के आभूषण आदि बेचते थे तथा उनसे सोना खरीदते थे।

**प्रश्न 13. ईसा पूर्व 100 से 200 ईस्वी के सिक्कों की क्या विशेषता थी?** **SST616**

उत्तर -व्यापार में सोने-चादी के सिक्कों का बहुत महत्व था। अजातशत्रु और अशोक के समय के सिक्के चांदी या तांबे के टुकड़ों पर एक तरह का ठप्पा लगा होता था जिसे आहत कहा जाता है। हिंद- यूनानी राजाओं के सिक्के सॉचों मेंढ़लते थे तथा इनमें राजा की तस्वीर और उनका नाम लिखा होता था इनके प्रभाव में आकर भारतीय राजा भी इस तरह के सिक्के ढालने लगे।

**प्रश्न14.गांधार शैली और मथुरा शैली क्या है?** **SST613**

उत्तर -

| **गांधार शैली** | **मथुरा शैली** |
|---|---|
| गांधार भारत के उत्तर पश्चिम में स्थित है यहाँ भारतीय और यूनानी का का मेल-मिलाप हुआ। गांधार में बनी मूर्तियों में हम यूनानी मूर्तिकला का प्रभाव पड़ा। इन मूर्तियों में चुन्नटों की बनावट पर जोर है। | मथुरा में बना इन मूर्तियों मं चुन्नट कम होती है यहाँ की मूर्तिया अधिक हृष्ट- पुष्ट होती है। |

**प्रश्न15.अशोक के समय में श्रेष्ठी या सेट्ठी किसे कहा जाता था?** **SST613**

उत्तर- अशोक के समय में बड़े-बड़े व्यापारी होते थे जिन्हे श्रेष्ठी या सेट्ठी कहा जाता था इसी शब्द से सेठ शब्द बना है ये लोग दूर-दूर जाकर वहां की चीजें खरीदकर लाते थे। ये दक्षिण प्रांतों से मोती, सोना, कीमती पत्थर, चंदन, इमारती लकड़ी, जानवरों की खाल आदि लाते थे और वहां वे सुंदर बर्तन, मंहगे कपड़े तांबा आदि बेचते थे।

**प्रश्न 16.अशोक के शासनकाल में व्यापारी कैसे व्यापार करते थे?** **SST613.617**

उत्तर -अशोक के शासनकाल में रेलगाड़ी और मोटरगाड़ी नहीं थी। उन दिनों कई व्यापारी एक साथ व्यापार करने जाते थे। उनके साथ उनके बैल, गधे,घोड़े, ऊँट सब पर सामान लदे होते थे । गांव या जंगलों से जब वे गुजरते थे तो वे दिन में चलते और रात को पड़ाव डालकर रूक जाते थें इसके विपरीत रेगिस्तानों को पार करते समय वे दिन मे आराम करते और रात को चलते थे। रास्तें में उन्हें बाढ़, तूफान, डाकू आदि खतरों से बचकर चलना पड़ता था। रास्ते मे सराय या बौद्ध भिक्षुओं के मठ होते थे जिनमें वे ठहरते थे इस प्रकार वे किसी शहर के बाजार मे जाकर अपना सामान बेचते थे और वहां की सस्ती व अच्छी चीजें खरीद लेते थे। कुछ व्यापारी जहाजों से समुद्री यात्रा करके इंडोनोशिया, चीन, अरब, ईराक, अफ्रीका आदि देशों में पहुँचते थे। धनी लोग दूरदराज की चीजें ऊँची कीमतों में खरीदते थे इस कारण सेट्ठियां को बहुत मुनाफा होता था। इन पैसों से वे अपने लिए आरामदेह घर बनवाते थे साथ ही मंदिरों और बौद्ध स्तुपों को दान भी देते थे।

**प्रश्न17. विदेशों से व्यापार और संपर्क होने से धर्म और दर्शन पर क्या प्रभाव पड़ा?** **SST613**

उत्तर - विदेशों से व्यापार और संपर्क होने से धर्म और दर्शन पर प्रभाव-

- रोमन साम्राज्य और यूनान से संपर्क के कारण गणित, ज्योतिष और खगोलशास्त्र की जानकारियों का आदान प्रदान हुआ।
- इन विषयों से संबंधित यूनानी ग्रंथों का संस्कृत में अनुवाद हुआ।
- यूनान से हमें सप्ताह के सात दिन बारह -राशियाँ आदि बातें सीखी।
- यूनानियों ने भारत से शून्य, दशमलव चिह्न आदि हमसे अपनाया ।

---000---

# अध्याय 9

# गुप्त काल

**सही विकल्प चुनकर लिखो -**

**1.गुप्तकाल में छत्तीसगढ़ को किस नाम से जाना जाता था-**

(अ) दक्षिण कोसल (ब)उत्तर कोसल

(स) दण्डाकरण्य (द) वनांचल

उत्तर- (अ) दक्षिण कोसल

**2.पाटलीपुत्र को वर्तमान में किस नाम से जाना जाता है-**

(अ) पटना (ब) पाटन

(स) उज्जैनियी (द) पट्टनगढ़

उत्तर- (अ) पटना

**3.समुद्रगुप्त की प्रशंसा का शिलालेख पाया गया है-**

(अ) इलाहाबाद में (ब) दौलताबादमें

(स) तुगलकाबाद में (द) अहमदाबाद में

उत्तर- (अ) इलाहाबाद में

**4. गुप्तकाल में राजा किस धर्म को मानते थे-**

(अ) जैन (ब) बौद्ध

(स) वैष्णव (द) शैव

उत्तर- (ब) बौद्ध

**5.फाह्यान किस देश से भारत आया था-**

(अ) नेपाल (ब) चीन

(स) भूटान (द) लंका

उत्तर- (ब) चीन

**खाली स्थान भरो -**

**6.गुप्त काल में .................... फलित ज्योतिष थे।**

**7.गुप्त काल के साहित्य .................... भाषा में लिखे गये थे।**

**8.सिरपुर का लक्ष्मण मंदिर ....................  का अनुपम कृति है।**

**9.विष्णुशर्मा ने .................... की रचना की थी ।**

**10.गुप्तकाल का शासनकाल था .................... से .................... तक ।**

उत्तर - (6) वराहमिहिर (7) संस्कृत (8)वास्तुकला (9) पंचतंत्र (10) 300ईस्वी से 500 ईस्वी

**प्रश्न11. भित्ती चित्र किसे कहते हैं?**

उत्तर -दीवारों पर बनाएं गए चित्रों को भिति चित्र कहते हैं। अंजता की गुफाओं के [illegible] **SST610.609.612** चित्रकला के सर्वोतम उदाहरण है। ये चित्र महात्मा बुद्ध के जीवन से सबंधित कहानियों पर आधारित हैं।

**प्रश्न 12. गुप्तकाल के संस्कृत साहित्यकारों के नाम लिखिए-**

उत्तर -संस्कृत साहित्य के महान कवि थे - कालिदास, भारवि, शूद्रक, माघ।

**प्रश्न13. छत्तीसगढ़के गुप्तकालीन कला का वर्णन करो।** **SST612.613.614**

उत्तर -गुप्तकाल में 650 ई में छत्तीसगढ़ के सिरपुर में लक्ष्मण मंदिर बनाया गया  था। यह ईटों से बना है जो वास्तुकला की अनुपम कृति है। यहाँ पर पौराणिक दृश्यों का अंकन तथा चौखट प्रवेशद्वार आदि पर अलंकरण हैं। आज भी माघ पूर्णिमा एवं बुद्ध पूर्णिमा के पर्व पर सिरपुर में मेला लगता है।

**SST616**

**प्रश्न14.आर्यभट्ट कौन था? उन्होंने ने हमें क्या जानकारी दी।**

उत्तर -गुप्तकाल में आर्यभट्ट एक प्रमुख खगोलशास्त्री और गणितज्ञ थे। उन्होंने 499में आर्यभट्टीयम ग्रंथ की रचना की जिसमें उन्होंने कई जटिल गणितीय सवालों का निदान किया उन्होंने यह भी बताया कि पृथ्वी गेंद की तरह गोल है और अपनी धूरी पर घूमती है ग्रहण के बारे में बताया कि यह पृथ्वी और चंद्रमा की परछाई के कारण होता है न कि राहु-केतु के निगलने के कारण।

**प्रश्न15.समुद्रगुप्त का राज्य कहां से कहां तक था इसकी राजधानी क्या थी?** **SST613**

उत्तर -समुद्रगुप्त का साम्राज्यउत्तर में आर्यावत, आटविक राज्य से लेकर दक्षिणापथ - (दक्षिण भारत) तथा दक्षिणी भारत तक था। इसकी राजधानी पाटलीपुत्र थी।

**प्रश्न 16. यह कैसे पता चलता कि राजा ब्राहमणों मठों व बौद्ध विहारों का दान में पैसे न देकर गांव देते थे और क्यों?** **SST615.614**

उत्तर -उस समय के शिलालेखों व पुस्तकों से भी पता चलता हैं कि राजा,ब्राम्हणों, मठों व बौद्ध विहारों को गांव के गांव दान में देते थे। दान प्राप्त करने वाले लोग इसमें किसानों से खेती करवाते थे और उससे मिली आय से अपना काम चलाते थे।

**प्रश्न 17. दिए गए मानचित्र का अवलोकन कर निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर जानकारी दीजिए-** **SST602.605**




1. गुप्तकाल का शासनकाल - ..................................
2. गुप्तकाल के मुख्य राज्य - ..................................
3. गुप्तकालीन क्षेत्र में बहने वाली नदियाँ - ..................................

उत्तर .

1.शासनकाल - 300 ईस्वी से 500 ईस्वी

2. राजधानी - पाटलिपुत्र

3. प्रमुख नदी - गंगा, यमुना, नर्मदा, सिंधु

---000---

## अध्याय 10

## प्रांतीय राज्यों का युग

**सही विकल्प चुनकर लिखो -**

**1.हर्ष के शासनका में चीन से भारत आने वाले बौद्ध भिक्षुक का नाम था-**

(अ) फाह्यान (ब) ह्वेनसांग

(स) सांकृत्यायन (द) वराहमिहिर

उत्तर- (ब) ह्वेनसांग

**2.हर्षचरित्र पुस्तक के लेखक है -**

(अ) आर्यभट्ट (ब) बाणभट्ट

(स) कालिदास (द) विष्णुशर्मा

उत्तर- (स) कालिदास

**3.कालीदास की मुख्य काव्य रचना है-**

(अ) मेघदूतम् (ब) पंचतंत्र

(स) हितोपदेश (द) आर्यभट्टीयम

उत्तर- (अ) मेघदूतम्

**4.हर्षवर्धन ने कन्नौज को नई राजधानी बनाई क्योंकि-**

(अ) कन्नौज राज्य के ठीक बीच में पड़ता था

(ब) यह शहर बहुत बड़ा था

(स) वहां के लोग धनवान थे

(द) वह नगर उसे पंसद था।

उत्तर- (अ) कन्नौज राज्य के ठीक बीच में पड़ता था

**5.पत्थर की विशाल शिलाओं को काटकर मंदिर का रूप दिया गया है-**

(अ) वातापी (ब) कन्नौज

(स) महाबलीपुरम (द) बादामी

उत्तर- (स) महाबलीपुरम

**खाली स्थान भरो -**

**6.हर्षवर्धन की राजधानी का नाम .................... था।**

**7.हर्ष के समय आने वाली चीनी यात्री का नाम .................... था।**

**8.विष्णु के उपासक को ....................कहा जाता था।**

**9.पल्लव वंश का मुख्य शासक .................... था।**

**10.हर्ष के शासनकाल में छत्तीसगढ़ में .................... बौद्ध शिक्षा का केन्द्र था।**

**प्रश्न 11.हर्ष के शासनकाल में .................... बौद्ध शिक्षा का प्रमुख केन्द्र था।**

उत्तर - (6)थानेश्वर (7)ह्वेनसांग (8)आल्वार (9) महेन्द्रवर्मा (10)सिरपुर(11) नालंदा

**प्रश्न 12. चालुक्य वंश के प्रमुख नगर कौन -कौन से थे?** **SST605**

उत्तर - ऐहोल, वातापी, बादामी,पटट्दक प्रमुख नगर थे।

**SST610**

**प्रश्न 13.हर्षवर्धन अपने जीते हुए राज्यों के साथ कैसा व्यवहार करता था**

उत्तर - हर्ष ने जिन राज्यों को जीता था वे उसे कर देते थे और जब वह युद्ध करता तो उसकी सहायता के लिए पराजित राजा सैनिक भेजते थे। वे हर्ष के अधीन तो थे किन्तु अपने मामलों में स्वयं निर्णय लेते थे।

**SST611**

**प्रश्न 14.बाणभट्ट कौन था उसने किस ग्रंथ की रचना की?**

उत्तर - बाणभट्ट हर्ष का दरबारी कवि था। वह संस्कृत का विद्वान था।उसने हर्षचरित्र की रचना की थी जिसमें हर्ष के जीवनी के साथ साथ उस समय के शहर गांव जंगल का वर्णन मिलता है।

**प्रश्न 15.600 ई से 700 ई तक दक्षिण भारत के राज्य कौन -कौन से थे वर्णन करो?** **SST614**

उत्तर - 600 ई से 700 ई तक दक्षिण भारत में चालुक्य और पल्लव राज्य थे।

वर्णन -

| **बिंदु** | **चालुक्य वंश** | **पल्लव वंश** |
|---|---|---|
| साम्राज्य | महाराष्ट्र और कर्नाटक में शासन था। | तमिलनाडू में शासन था |
| शासक | पुलकेशिन द्वितीय | महेन्द्रवर्मन |
| राजधानी | वातापी | कांचीपुरम |
| धर्म | जैन धर्म को मानते थे कुछ शैव व विष्णु को | शिव व विष्णु के उपासक थे |
| अन्य विशेषताएँ | क्ला प्रेमी और संरक्षक थे।उन्होने अंजताएलोरा की गुफा के निर्माण हेतु धन दिया थां। | पत्थरों की शिलाओं को काटकर अनेक मंदिर बनाएं गए। |

**प्रश्न 16. ह्वेनसांग कौन था वह भारत क्यों आया था?** **SST615**

उत्तर - हर्ष के समय चीनी से एक बौद्ध भिक्षुक आया था। उसका नामह्वेनसांग था। उसन भारत के विभिन्न बौद्ध तर्थो व विहारों की यात्रा की और वहां रहकर अनेक बौद्ध ग्रंथों का अध्ययन किया। उसने भारत के अनुभवों का विस्तृत संस्मरण लिखा है जिससे हमें उन दिनों की जानकारी मिलती है।

**SST618**

**प्रश्न 17.आल्वार और नायनार क्या है?**

उत्तर - अल्वार और नायनार धार्मिक संप्रदाय थे। आलवार विष्णु के उपासक थे तथा नायनार शिव के उपासक थे दक्षिण भारत के समाज में इनका बहुत प्रभाव था।

**प्रश्न 18. हर्षवर्धन के बारे में निम्नलिखित बिंदुओं में जानकारी दो -**

**हर्ष का शासनकाल, राजधानी, साम्राज्य विस्तार तथा अन्य विशेषतायें।**

उत्तर -

| हर्ष का शासनकाल | राजधानी | साम्राज्य विस्तार | हर्ष केशासनकाल की विशेषताएँ | अन्य योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 600 से 647 ई.तक | पहले थानेश्वर थी बाद में कन्नौज को बनाया गया। | पंजाब से उड़ीसा तक | हर्ष ने जिन राज्यों को जाता था वे उसे कर देते थे और जब वह युद्ध करता तो उसकी सहायता के लिए सैनिक भेजते थे । वे हर्ष के अधीन तो थे किन्तु अपने मामलों में स्वयं निर्णय लेते थे। | हर्ष विद्वान तथा विद्या का संरक्षक था। उसने संस्कृत में रत्नावली,नागानंद प्रियदर्शिका नामक नाटक लिखे। |

-----000-----

# नागरिक शास्त्र

# अध्याय 1
## परस्पर निर्भरता

**खाली स्थान भरो -**

**प्रश्न 1.मनुष्य का जीवन ..................... पर निर्भर है।**

**प्रश्न 2.उत्पादन अधिक होने पर ..................... किया जाता है।**

**प्रश्न 3.उत्पादन कम होने पर ..................... किया जाता है।**

**प्रश्न 4. ..................... के कारण हमारा राज्य चावल का निर्यात करता है।**

**प्रश्न 5.भारत पेट्रोल का ..................... करता है।**

उत्तर - (1) एक दूसरे पर (2) निर्यात (3) आयात (4) उत्पादन अधिक होने के कारण (5) निर्यात

**सही व गलत बताइए -**

**प्रश्न 6.सब्जी एवं वनोपज गाँव से शहर भेजे जाते हैं ।**

**प्रश्न 7.छत्तीसगढ़ राज्य चाय का निर्यात करता है ।**

**प्रश्न 8.हमारा राज्य किसी अन्य राज्य पर निर्भर नहीं है ।**

**प्रश्न 9.प्रत्येक मनुष्य एक दूसरे पर निर्भर है ।**

**प्रश्न 10.आयात निर्यात हेतु आवागमन के साधन विकसित होने चाहिए।**

उत्तर - (6) सही (7) गलत (8) गलत (9) सही (10) सही

**प्रश्न 11. छत्तीसगढ़ राज्य चांवल का निर्यात क्यों करता है?** **SST605.606**

उत्तर -छत्तीसगढ़ राज्य की भौगोलिक दशाएँ चावल उत्पादन हेतु अनुकूल है जिससे चावल का उत्पादन अधिक होता हैं जिसके कारण छत्तीसगढ़ राज्य अन्य राज्यों को चावल का निर्यात करता है।

**SST605.606**

**प्रश्न 12. छत्तीसगढ़ राज्य शक्करके लिए दूसरे राज्य पर क्यों निर्भर है?**

उत्तर -शक्कर गन्ने से बनाई जाती है । छत्तीसगढ़ राज्य की भौगोलिक दशाएँ गन्ना उत्पादन हेतु अनुकूल न होने के कारण शक्कर का उत्पादन नहीं होता है जिसके कारण छत्तीसगढ़ राज्य को शक्कर के लिए अन्य राज्यों पर निर्भर होना पड़ता हैं ।

**प्रश्न 13. कोई भी राज्य किसी भी वस्तु का आयात क्यों करता है?** **SST613**

उत्तर -किसी भी वस्तु या खाद्यान्न का उत्पादन आवश्यकता से कम होता है या नहीं होता है तो उस राज्य के नागरिकों की आवश्यकता की पूर्ति के लिए उन क्षेत्रों से जहाँ वस्तुओं या खाद्यान्नों का उत्पादन आवश्यकता से अधिक होता है वहाँ से आयात किया जाता है। जैसे पेट्रोल का उत्पादन हमारे यहां नहीं होता है अत:इसे आसाम या अन्य स्थानों से मंगाया जाता है।

**प्रश्न 14. आयात- निर्यात हेतु किन-किन बातों का होना आवश्यक है?** **SST613**

उत्तर -

- निर्यात हेतु उत्पादन अधिक होना चाहिए।
- आयात उस स्थिति में किया जाता है जब उत्पादन कम या नहीं हो तथा मांग अधिक हो।
- आयात निर्यात के लिए आवागमन के साधनों का विकसित होना चाहिए।
- शासन की नीतियाँ भी आयात निर्यात को प्रभावित करती है।

**प्रश्न 15. गाँव व शहर एक दूसरे पर निर्भर क्यों होते हैं?** **SST620**

उत्तर -प्रत्येक क्षेत्र की आवश्यकताएँ तथा उत्पादन अलग -अलग होता है जैसे गाँव में साग सब्जी, दूध का उत्पादन अधिक होता है अतः शहर के लोग इन वस्तुओं के लिए गाँव पर निर्भर होते है। इसी तरह शहरों में स्कूल, कॉलेज, इलेक्ट्रानिक वस्तुयें आदि की सुविधाएँ अधिक होती हैं अतः गाँव वाले शहरों पर निर्भर होते हैं।

**प्रश्न 16. दिए गए वर्ग पहेली में से अक्षरों को जोड़कर किन्ही छः वस्तुओं की सूची बनाइये -** **SST623**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **म** | **सा** | **बु** | **न** | **टँ** | **ड़ें** |
| **फ** | **ल** | **क** | **ल** | **पे** | **ई** |
| **चा** | **ल** | **ने** | **ट्रो** | **रु** | **ढ़** |
| **लि** | **व** | **ल** | **प** | **वा** | **का** |
| **चा** | **य** | **ल** | **ई** | **प** | **ज** |
| **म** | **सा** | **ले** | **ड़ें** | **बु** | **ग** |

उत्तर -साबुन, पेट्रोल, कपडें, चाय, फल,मसाले कागज |

# अध्याय 2

# कातिक और केकती का गाँव

**सही उत्तर चुनकर लिखो-**

**प्रश्न 1.गाँव में स्थानीय स्तर पर बाँध का पानी रोका जाता है-**

(अ)बाँध बनाकर (ब) रेत की बोरियाँ डालकर

(स) दीवार बनाकर (द)गड्ढा खोदकर

उत्तर - (ब) रेत की बोरियाँ डालकर

**प्रश्न 2.अमराई कहते हैं-**

(अ) आम के बगीचे को (ब) जाम के बगीचे को

(स) पेड़-पौधे के झुंडको (द) वनों को

उत्तर - (अ) आम के बगीचे को

**प्रश्न 3.जैम बनाया जाता है-**

(अ) फलों से (ब) दवाईओं से

(स) सालसागौन से (द) वनोपज से

उत्तर - (अ) फलों से

**प्रश्न 4.वाद्य यंत्र नहीं है-**

(अ) बांसुरी (ब) बॉस

(स) शहनाई (द) झांझर

उत्तर - (ब) बॉस

**प्रश्न 5. बैक हमें मदद करती है-**

(अ) स्वसहायता समूह बनाने में (ब) ऋण देने में

(स) रोजगार देने में (द) कुटीर उघोग चलाने में

उत्तर - (ब) ऋण देने में

**खाली स्थान भरो -**

**प्रश्न 6.सूप,डलिया,टोकरी झाड़ू .................. से बनाया जाता है।**

**प्रश्न 7.करोना .................. रोग है।**

**प्रश्न 8. गीले कचरे से .................. बनाया जाता है।**

**प्रश्न 9.हाफ नदी .................. में प्रवाहित होती है।**

**प्रश्न 10. बाँध.................. पर बनाए जाते हैं।**

उत्तर - (6) बॉस (7) संक्रामक (8) खाद (9) पेन्डी कला (10) नदी

**प्रश्न 11.स्वसहायता समूह किसे कहते है?** **SST619**

उत्तर - महिलाओं का ऐसा समूह जो कम लागत में स्थानीय स्तर पर आपसी सहयोग से समान बनाकर या उत्पादन कर बेचते हैं उसे स्वसहायता समूह कहते हैं । इन समूहों को बैंक कम ब्याज दर पर आसान किस्तों में ऋण देकर सहायता करती है।

**प्रश्न 12. कुटीर उद्योग किसे कहते है?** **SST619**

उत्तर - स्थानीय स्तर पर कम लागत में परिवार के सदस्यों या कम लोगों के द्वारा घर पर ही उद्योग चलाया जाता है उसे कुटीर उद्योग कहते हैं।

**प्रश्न 13. संक्रामक रोग किसे कहते हैं? अपने आसपास फैलने वो संक्रामक रोगों के नाम बताइये?** **SST613.625**

उत्तर -ऐसे रोग जो एक दूसरे के संपर्क में आने से फैलते हैं उसे संक्रामक रोग कहते हैं जैसे- हैजा, टी.बी.,करोना आदि ।

**प्रश्न 14. कचरे को कूड़े में डालना क्यों आवश्यक है?** **SST625**

उत्तर - कचरे को हमेशा गड्डे में ही डालना चाहिए जिससे कचरे से खाद बन सके तथा आसपास गंदगी न हो सके।

**प्रश्न 15. किन्हीं पाँच वाद्य यंत्रों के नाम लिखो-** **SST620**

उत्तर - 1.बांसुरी 2.शहनाई 3. ढोलक 4. वायलिन 5.तबला

**प्रश्न 16.आँवला कहाँ पाया जाता है आँवले का क्या- क्या उपयोग है?** **SST620**

उत्तर -आँवला एक वनोपज है यह हमारे लिए बहुत ही लाभदायक होता है इससे दवाइयाँ, अचार मुरब्बा, जैम, शरबत आदि बनाया जाता है ।

**प्रश्न 17. नदियों में कौन- कौन से जीव-जंतु पाए जाते हैं?** **SST621**

उत्तर - नदियों में कई प्रकार के जीव जंतु पाए जाते हैं जैसे सांप, मछली, केचुआ, कछुआ, जोंक, घेंघा आदि।

**प्रश्न 18. बैकों से हमें क्या- क्या लाभ है?** **SST623**

उत्तर - बैकों में हम पैसा जमा कर सकते हैं जिससे हमें ब्याज मिलता है। बैंकों के द्वारा ब्याज दर पर लोन दिया जाता है जिससे हम अपनी आवश्यताओं के अनुसार चीजें खरीद सकते हैं । बैकों द्वारा गरीबों, किसानों, स्वसहायता समूह के लोगों को कम ब्याज दर पर लोन दिया जाता है जिससे वे अपना व्यवसाय कर सके।

# अध्याय 3
# पंचायती राज

**सही उत्तरचुनकर लिखो -**

**प्रश्न 1.उम्मीद्वार कहते हैं -**

(अ) मतदान करने वाले को (ब) चुनाव लड़ने वाले को

(स) भाषण देने वाले को (द) सरपंच को

उत्तर - (ब) चुनाव लड़ने वाले को

**प्रश्न 2.किशनपुर गाँव की रसनी बाई सरपंच का चुनाव लड़ रही है, रसनी बाई को वोट दे सकते हैं -**

(अ) गाँव की सभी महिलायें (ब) गाँव के शिक्षित युवा वर्ग

(स) मतदाता सूची में अंकित सभी लोग (द) गाँव के सभी लोग

उत्तर - (स) मतदाता सूची में अंकित सभी लोग

**प्रश्न 3.जन प्रतिनिधि का अर्थ है -**

(अ) निर्धारित क्षेत्र से वयस्क मताधिकार द्वारा चुना गया व्यक्ति

(ब) सरकार द्वारा नियुक्त किया गया व्यक्ति

(स) उस क्षेत्र का जाना-माना व्यक्ति

(द) किसी समूह द्वारा चुना गया व्यक्ति

उत्तर - (अ) निर्धारित क्षेत्र से वयस्क मताधिकार द्वारा चुना गया व्यक्ति

**प्रश्न 4.ग्राम पंचायत के मुखिया को कहते हैं -**

(अ) पंच (ब) सरपंच

(स) उपसरपंच (द) पंचायत सचिव

उत्तर - (ब) सरपंच

**प्रश्न 5.मतदान करने वाले को कहते हैं -**

(अ) उम्मीद्वार (ब) सचिव

(स) मतदाता (द) निर्वाचन अधिकारी

उत्तर - (स) मतदाता

**खाली स्थान भरो-**

**प्रश्न 5.पंचायत चुनाव लड़ने के लिए उम्मीद्वार की आयु ................. होनी चाहिए।**

**प्रश्न 6.हमारी राज व्यवस्था ................. है ।**

**प्रश्न 7.पंचायत का चुनाव ................. होता है ।**

**प्रश्न 8.पिछला चुनाव 2019 में हुआ था तो अगला चुनाव ................. में होगा ।**

**प्रश्न 9.चुनाव में जब एक ही उम्मीद्वार खड़ा होता है तो वह चुनाव ................. होता है।**

**प्रश्न 10. सरपंच का चुनाव ................. लोग करते हैं ।**

उत्तर - (5) 25 वर्ष(6) त्रिस्तरीय (7) प्रत्येक 5 साल बाद (8) 2024 (9) निर्विरोध (10) गाँव के पंच

**अतिलघुत्तरीय प्रश्न**

**प्रश्न 11. लखनपुर गाँव में होने वाले चुनाव में सिर्फ बिराजी ने ही फार्म भरा है तो उसका चुनाव कैसे होगा?** **SST624**

उत्तर -लखनपुर गाँव में होने वाले चुनाव में सिर्फ बिराजी ने ही फार्म भरा है तो उसका चुनाव निर्विरोध होगा

**प्रश्न 12. ग्राम पंचायत के आय के साधन क्या- क्या है ?** **SST625**

उत्तर -ग्राम पंचायत को केन्द्र और राज्य सरकार से पैसे मिलते हैं पंचायत रेत, मुरम, पत्थर आदि के खदान पर रायल्टी तथा छोटे-मोटे कर लगाकर पैसे इकट्ठे करती है।

**प्रश्न 13. ग्राम पंचायत का चुनाव लड़ने के लिए कौन -कौन सी शर्तो का होना आवश्यक है?** **SST625**

उत्तर -

- ग्राम पंचायत का चुनाव लड़नेवाले की उम्र कम से कम 21 वर्ष या उससे अधिक हो।
- उस गाँव की मतदाता सूची में उसका नाम हो ।
- दीवालिया न हो ।

**प्रश्न 14. ग्राम पंचायत के मुख्य कार्य कौन -कौन से हैं?** **SST626**

उत्तर -पंचायत के मुख्य कार्य -

- गाँव की साफ-सफाई करवाना।
- जन्म-मृत्यु तथा विवाह का पंजीयन करवाना।
- गाँव में पीने के पानी तथा निस्तार की व्यवस्था करना ।
- गाँव की पुलिया सार्वजनिक भवन सड़क आदि का निर्माण करना।

**प्रश्न 15. मतदाता किसे कहते हैं उसका मुख्य कार्य क्या है?** **SST626**

उत्तर - भारत के प्रत्येक नागरिक जिसकी उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक हो उसे मतदाता कहते हैं ।मतदाता का मुख्य कार्य मतदान करना होता है किन्तु यह भी आवश्यक है कि उसका नाम जिस क्षेत्रमें रहता है वहाँ की मतदाता सूची में अंकित हो।

**प्रश्न 16.यदि आपके मुहल्ले में नालियाँ नहीं है और गंदा पानी सड़क पर बहता है तो आप क्या करोगे?** **SST626**

उत्तर -यदि हमारे मुहल्ले में नाली नहीं है तो हम इसी सूचना गाँव के संरपच को देंगे इस हेतु एक आवेदन लगाना होगा जिसमें मोहल्ले का नाम, समस्या तथा मुहल्ले वासियों के हस्ताक्षर करने होंगे।

# अध्याय 4

## नगर पालिका और नगर निगम

**सही उत्तरचुनकर लिखो -**

**प्रश्न 1.नगरपालिका के वार्ड के सदस्य को किस नाम से जाना जाता है-**

(अ) अध्यक्ष (ब) पार्षद

(स) उपाध्यक्ष (द) महापौर

उत्तर- (ब) पार्षद

**प्रश्न 2.यदि बेमेतरा शहर की जनसंख्या 35000 से अधिक है तो वहाँ प्रशासन के लिए कौन सी शासन व्यवस्था होगी -**

(अ) नगर पंचायत (ब) नगरपालिका

(स) नगरनिगम (द) महानगरपालिका

उत्तर- (ब) नगरपालिका

**प्रश्न 3. दी गई सारणी के अनुसार कौन-कौन से कार्य नगरपालिका के हैं?**

| क्रमांक | स्वच्छता एवं सफाई | किसी व्यक्ति को दंड देना | जन्म मृत्यु का पंजीयन |
|---|---|---|---|
| **(अ)** | ✓ | ✓ | ✓ |
| **(ब)** | ✓ | ✗ | ✓ |
| **(स)** | ✗ | ✗ | ✗ |
| **(द)** | ✓ | ✓ | ✗ |

उत्तर- (ब)

**प्रश्न 4.पार्षद समस्याओं के निराकरण के लिए जिम्मेदार होते हैं-**

(अ)गाँव की (ब)अपने वार्ड की

(स) पूरे शहर की (द) जिले की

उत्तर- (ब)अपने वार्ड की

**प्रश्न 5. पार्षद का चुनाव किया जाता है-**

(अ)गाँव के लोगों द्वारा

(ब) मतदाता सूची में अंकित लोगों द्वारा

(स) वार्ड के मतदाता सूची में अंकित लोगों द्वारा

(द) वार्ड के सभी स्त्री पुरूष द्वारा

उत्तर- (स) वार्ड के मतदाता सूची में अंकित लोगों द्वारा

**प्रश्न 6.वार्ड बनाया जाता है -**

(अ)जनसंख्या के आधार पर (ब) शिक्षित जनसंख्या के आधार पर

(स) पुरूषों की संख्या के आधार पर (द) महिलाओं की संख्या के आधार पर

उत्तर- (अ)जनसंख्या के आधार पर

**खाली स्थान भरो -**

**प्रश्न 6.नगरपालिका के सदस्यों की संख्या ........................ होती है।**

**प्रश्न 7.पूरे शहर को ........................ के आधार पर वार्डो में बॉटा जाता है।**

**प्रश्न 8.नगरनिगम के अध्यक्ष को ........................ कहते हैं।**

**प्रश्न 9.नगरनिगम में ........................ की नियुक्ति की जाती है।**

**प्रश्न 10. एक लाख से अधिक जनसंख्या होने पर ........................ संस्था होती है ।**

उत्तर - (6) 15 से 60 (7) जनसंख्या (8) महापौर (9) आयुक्त (10) नगरनिगम

**प्रश्न 11. नगरपालिका एवं नगरनिगम के सदस्यों की संख्या कितनी होती हैं?** **SST622**

उत्तर -नगरपालिका के सदस्यों की संख्या 15 से 60 एवं नगरनिगम के सदस्यों की संख्या 50 से 150 होती है।

**प्रश्न 12. नगरनिगम के अध्यक्ष को क्या कहते है इसका चुनाव कैसे होता है?** **SST622**

उत्तर -नगरनिगम के अध्यक्ष को महापौर कहते हैं । महापौर को सारे पार्षद के लोग अपना मत देकर चुनते हैं।

**प्रश्न 13. नगर निगम में आयुक्त की नियुक्ति क्यों की जाती है?** **SST624**

उत्तर -नगर निगम में आयुक्त की नियुक्ति नगर निगम के निर्णयों को नियमानुसार लागू करवाने और कर्मचारियों के काम की देखरेख के लिए की जाती है।

**प्रश्न 14. सारणी में दी गई जनसंख्या के आधार पर संस्थाओं के नाम एवं उनके मुख्य अधिकारी का नाम लिखिए ?**

| जनसंख्या | संस्था | अधिकारी |
|---|---|---|
| 5 हजार से 20 हजार | | |
| 20 हजार से 1 लाख | | |
| 1 लाख से अधिक | | |

उत्तर -

| जनसंख्या | संस्था | अधिकारी |
|---|---|---|
| 5 हजार से 20 हजार | नगर पंचायत | मुख्य नगर पंचायत अधिकारी |
| 20 हजार से 1 लाख | नगर पालिका | मुख्य नगर पालिका अधिकारी |
| 1 लाख से अधिक | नगर निगम | आयुक्त |

**प्रश्न 15. पार्षद का चुनाव कैसे होता है?** **SST624**

उत्तर - पूरे शहर को जनसंख्या के आधार पर वार्डो में बांटा जाता है।शहर के वे सभी लोग जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक हो तथा जिनका नाम वार्ड की मतदाता सूची में हो वे पार्षद का चुनाव लड़तेहैं।

**प्रश्न 17. नगरपालिका के मुख्य कार्य क्या है?** **SST625**

उत्तर -नगरपालिका के कार्य है -

1- पानी की व्यवस्था, सफाई की व्यवस्था, चिकित्सा की व्यवस्था कराना।

2- सड़कों की व्यवस्था और सड़कों पर प्रकाश की व्यवस्था कराना।

3- कांजी हाउस का प्रबंध कराना।

4- जन्म और मृत्यु का लेखा करना।

5- बाजार और मंडी की व्यवस्था करना।

6- बीमारी फैलने पर रोकथाम के लिए टीकाकरण कराना।

7- समाज के कमजोर वर्गों को सुरक्षा प्रदान करना।

8-वाचनालय, पाठशाला, बाग-बगीचे, मनोरंजन की व्यवस्था कराना।

9- सांस्कृतिक व शिक्षा संबंधी गतिविधियों का विस्तार कराना।

# अध्याय 5

## जिला प्रशासन

**सही विकल्प चुनकर लिखों -**

**प्रश्न 1.जिले का सबसे बड़ा अधिकारी होता है-**

(अ) तहसीलदार | (ब) अनुविभागिय अधिकारी

(स) कलेक्टर | (द) जिला पुलिस अधिकारी।

उत्तर- (स) कलेक्टर

**प्रश्न 2. तहसीलों को मिलाकर बनता है -**

(अ)जनपद पंचयत | (ब) जिला

(स) राज्य | (द) देश

उत्तर- (ब) जिला

**प्रश्न 3.छत्तीसगढ़ राज्य का उच्च न्यायालय है -**

(अ) रायपुर | (ब) जशपुर

(स) बिलासपुर | (द) सूरजपुर

उत्तर- (स) बिलासपुर

**प्रश्न 4.तहसीलदार का कार्य संबंधित होता है -**

(अ) शिक्षा विभाग से | (ब) पुलिस विभाग से

(स) शिक्षा विभाग से | (द) राजस्व से

उत्तर- (द) राजस्व से

**प्रश्न 5.जिलाधीश को कहा जाता है-**

(अ) जिला दण्डाधिकारी | (ब) न्यायाधीश

(स) आयुक्त | (द) निरीक्षक

उत्तर- (अ) जिला दण्डाधिकारी

**खाली स्थान भरो -**

**प्रश्न 6.गाँवों को मिलाकर ......................बनती है।**

**प्रश्न 7.सरकार की नीतियों को लागू करने एवं कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए ......................होता है।**

**प्रश्न 8.चुनाव के समय......................जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में कार्य करता है।**

**प्रश्न 9.जिले के सभी कामों पर ......................का नियंत्रण हाता है।**

**प्रश्न 10.जिला प्रशासन की सबसे महत्वपूर्ण इकाई ......................है।**

उत्तर - (6) तहसील (7) जिला प्रशासन (8) जिलाधीश (9) जिलाधीश (10) तहसील

**अति लघुत्तरीय प्रश्न -**

**प्रश्न 11. जिलाधीश को दण्डाधिकारी क्यों कहा जाता है?** **SST623**

उत्तर - जिलाधीश का मुख्य कार्य-जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखना है इसलिए इन्हें दण्डाधिकारी भी कहा जाता है।

**SST623**

**प्रश्न 12. किसी भी राज्य को विभिन्न जिलों में क्यों बांटा जाता है?**

उत्तर - प्रशासन की सुविधा के लिए राज्य को जिलों मे और जिलों को तहसीलो में बांटा गया हैं। तहसील जिले प्रशासन की सबसे बड़ी इकाई होती है।

**लघुत्तरीय प्रश्न**

**प्रश्न 13. जिलाधीश के मुख्य कार्य क्या -क्या है?** **SST623.625**

उत्तर -

- जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखना।
- भूमि का अभिलेख रखना ।
- संपूर्ण जिले के नागरिकों को नागरिक सुविधाएं प्रदान करना।
- अपने जिले का संपूर्ण विकास करना
- देश और राज्य में होने वाले विभिन्न प्रकार के चुनावों को जिले में संपन्न करवाना।
- जिले की पंचायती राज संस्थाओं तथा स्थानीय संस्थओं की निगरानी का कर्य करना

**प्रश्न 14. छत्तीसगढ़ राज्य में कितने जिले हैं नाम लिखो-** **SST623**

उत्तर - छत्तीसगढ़ मे 28 जिले हैं - सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, बस्तर,कोण्डागाँव, नारायणपुर, कांकेर, धमतरी, महासमुंद, रायपुर, गरियाबंद, दूर्ग, बेमेतरा,राजनांदगाँव,बलौदाबाजार, बालोद,जांजगीर,मुंगेली,बिलासपुर, कोरबा, सूरजपुर, सरगुजा,बलरामपुर, रायगढ़, कोरिया, कबीरधाम, नारायणपुर, वर्तमान में गौरेला पेंड्रा को भी जिला बनाया गया है।

**प्रश्न 15. जिला प्रशासन के अंतर्गत आने वाले मुख्य विभागों के नाम लिखिए?** **SST625**

उत्तर - शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग,स्वास्थ्य विभाग,खाद्य विभाग,राजस्व विभाग आदि इन विभागों के अपने -अपने अधिकारी और कर्मचारी होते हैं जो जिलाधीश के अधीन पूरे जिले में काम करते हैं। किसी भी विभाग के संबंधित अधिकरी और कर्मचारी के काम से संतुष्ट न होने पर जिलाधीश से शिकायत की जा सकती है।

# अध्याय 6

# सार्वजनिक संपत्तियां

**प्रश्न 1.निजी संपत्तियां हैं-**

(अ)घर, बस, रेल, मोटर साइकिल

(ब) टी.वी., अस्पताल, विद्यालय, संग्रहालय

(स) विद्यालय, रेल, कार, टी.वी

(द) घर, साइकिल, कार, सड़क मार्ग

उत्तर- (ब) टी.वी., अस्पताल, विद्यालय, संग्रहालय

**प्रश्न 2.सार्वजनिक सम्पत्ति के संबंध में कौन सा विकल्प सही है -**

| | **सार्वजनिक धन से खरीदी हुई संपत्ति** | **सभी लोगों द्वारा उपयोग करना** | **सरकार द्वारा रख रखाव करना** |
|---|---|---|---|
| अ | ✓ | ✗ | ✓ |
| ब | ✗ | ✗ | ✗ |
| स | ✓ | ✓ | ✓ |
| द | ✗ | ✗ | ✓ |

**प्रश्न 3. सार्वजनिक संपत्ति के रूप में जाना जाता है जिस पर -**

(अ) सबका अधिकार होता है

(ब) एक व्यक्ति का अधिकार हाता है

(स) सरपंच का अधिकार होता है

(द) नेता का अधिकार होता है

उत्तर - (अ) सबका अधिकार होता है

**प्रश्न 4.सार्वजनिक संपत्ति का उदाहरण है -**

(अ) सायकल

(ब) कार

(स) ट्रक

(द) रेल

उत्तर - (द) रेल

**प्रश्न 5.निजी संपत्ति का उदाहरण है -**

(अ) बैंक

(ब) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र

(स) सड़क

(द) मकान

उत्तर - (द) मकान

**खाली स्थान भरो -**

**प्रश्न 6.जिस वस्तु या संपत्ति पर किसी एक व्यक्ति का अधिकार होता है उसे ............ कहते हैं।**

**प्रश्न 7. सार्वजनिक संपत्ति पर ............ का अधिकार होता है।**

**प्रश्न 8.मेरा घर ............संपत्ति का उदाहरण है।**

**प्रश्न 9.पुस्तकालय ............संपत्ति का उदाहरण है।**

**प्रश्न 10.सार्वजनिक संपत्तियों के निर्माण में ............ धन लगाया जाता है ।**

उत्तर - (6) निजी संपत्ति (7) सबका (8) निजी (9) सार्वजनिक (10) सार्वजनिक

**प्रश्न 11. उन सार्वजनिक संपत्तियों की सूची बनाइए जिनका उपयोग आप अपने जीवन में करते हैं।** **SST620**

उत्तर - रेल, सड़क, शासकीय विद्यालय, बैंक, पुस्तकालय, उद्यान आदि|

**प्रश्न 12. यदि आपके आसपास कोई सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुँचाता है तो आप क्या करोगे?** **SST626**

उत्तर - सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुँचाना अपराध है यदि कोई व्यक्ति किसी सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुँचाता है तो उसकी शिकायत पुलिस में करके अपराधी को दंड देंगे।

**प्रश्न 13. यदि आपके आसपास सार्वजनिक सुविधायें नहीं होगी तो किन- किन कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा?** **SST625.626**

उत्तर -यदि हमारे आसपास सार्वजनिक संपत्ति जैसे स्कूल, अस्पताल, रेल, सड़क आदि न हो तो हमारा जीवन कठिन हो जाएगा। सड़क व रेल के अभाव में वह हम यात्रा नहीं कर सकेंगे। स्कूल न होने पर शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकेंगे। अस्पताल न होने पर अपना इलाज नहीं कर सकेंगे। अतः सार्वजनिक सुविधायें होना हम सभी के लिए बहुत आवश्यक है।

**प्रश्न 14. निम्नलिखित में से सार्वजनिक तथा निजी संपत्ति को छाँटकर तालिका में भरिए-**
**(रेल, साइकिल, विद्यालय, पुस्तकालय, घर, कार, टी.वी. सड़क)**

**उत्तर-**

| **सार्वजनिक संपत्ति** | **निजी संपत्ति** |
|---|---|
| रेल<br>विद्यालय<br>पुस्तकालय<br>सड़क | साईकिल<br>घर<br>कार<br>टीवी |

**प्रश्न 15. तालिका में दी गई सार्वजनिक संपत्ति के रख-रखाव के लिए दो-दो सुझाव दीजिए-**

| **क्रमांक** | **सार्वजनिक संपत्ति** | **रख-रखाव के सुझाव** | |
|---|---|---|---|
| 1 | सार्वजनिक पुस्तकालय | | |
| 2 | प्राचीन स्मारक | | |
| 3 | सड़क | | |
| 4 | खेल का मैदान | | |
| 5 | रेल | | |

**उत्तर -**

| **क्रमांक** | **सार्वजनिक संपत्ति** | **रख-रखाव के सुझाव** | |
|---|---|---|---|
| 1 | सार्वजनिक पुस्तकालय | कूड़ा-करकट नहीं फेकना चाहिए | पुस्तकालय में शांति बनाएँ रखना चाहिए |
| 2 | प्राचीन स्मारक | स्मारक को हानि नहीं पहुँचाना चाहिए | स्मारक में कुछ लिखना नहीं चाहिए |
| 3 | सड़क | हमेशा बाएँ चलें | सड़क पर जगह जगह गड्ढे न हो |
| 4 | खेल का मैदान | साफ़ सुथरा हो | गंदगी न हो |
| 5 | रेल | तोड़-फोड़ व गंदगी नहीं करना चाहिए | हमेशा टिकट लेकर यात्रा करना चाहिए |

**SST624**

**प्रश्न 16.सार्वजनिक संपत्ति किसे कहते हैं?**

उत्तर - सार्वजनिक संपत्ति का आशय है ऐसी संपत्ति जिस पर सभी व्यक्तियों का अधिकार हो। इसका निर्माण और रखरखाव सरकार करती है इस पर हम सब का अधिकार होता है इसलिए इसे सार्वजनिक संपत्ति कहते हैं सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी है।

**प्रश्न 17. सार्वजनिक संपत्ति और निजी संपत्ति में क्या अंतर है?**

| **सार्वजनिक संपत्ति** | **निजी संपत्ति** |
|---|---|
| • सार्वजनिक संपत्ति पर सभी व्यक्तियों का अधिकार होता है।<br>• इसका निर्माण और रखरखाव सरकार करती है।<br>• इस पर हम सब का अधिकार होता है।<br>• सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी है।<br>उदाहरण - रेल,सड़क, अस्पताल, बैंक आदि\| | • निजी संपत्ति पर व्यक्ति विशेष का अधिकार होता है।<br>• इसके निर्माण और रखरखाव की जिम्मेदारी स्वयं व्यक्ति की होती है।<br>• इस पर सिर्फ उसी व्यक्ति का ही अधिकार होता है जिसकी संपत्ति होती है।<br>उदाहरण - मकान, वाहन,खेत आदि\| |

# अध्याय 7

# बच्चों के अधिकार

**खाली स्थान भरो -**

**प्रश्न 1.निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिनियम पूरे देश में ...................... लागू हुआ?**

**प्रश्न 2 छत्तीसगढ़ मानव अधिकार आयोग का मुख्यालय ...................... में है।**

**प्रश्न 3.मानव अधिकार आयोग का कार्य ...................... है ।**

**प्रश्न 4. बच्चों से मजदूरी कराना ...................... है।**

उत्तर - (1) 1 अप्रैल, 2010 (2) रायपुर (3) नागरिकों को शोषण से मुक्ति दिलाना

(4) बाल अपराध

**सही या गलत पर निशान लगाओ -**

**प्रश्न 5. मानव अधिकार आयोग बिलासपुर में है ।**

**प्रश्न 6. खेलना एवं मनोरंजन बच्चों का अधिकार है।**

**प्रश्न 7.निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा कक्षा 1 से 12 तक के बच्चों के लिए है।**

**प्रश्न 8. निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम सिर्फ लड़कियों के लिए बनाया गया है ।**

**प्रश्न 9.मानव अधिकार आयोग का कार्य मनुष्यों को रोजगार देना है।**

उत्तर - (5) गलत (6) सही (7) गलत (8) गलत (9) गलत

**अति लघुत्तरीय प्रश्न -**

**प्रश्न 10. निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा अधिनियम क्यों लागू किया गया ?** **SST624**

उत्तर -6 से 14 वर्ष आयु समूह के सभी बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा प्राप्त हो सके इस हेतु यह अधिनियम लागू किया गया।

**प्रश्न 11. मानव अधिकार आयोग का गठन क्यों किया गया ?** **SST623**

उत्तर - सभी नागरिकों को दमन, शोषण व अत्याचार से संरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से मानव अधिकार आयोग का गठन किया गया इसका मुख्यालय रायपुर में है।

**प्रश्न 12. दी गई वर्ग पहेली से बच्चों के अधिकारों को लिखिए -**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| म् | फ | अ | भि | व्य | क्ति | स |
| व | सु | ग | म | द | ष | टी |
| ल | श्र | घ | नो | य | द | का |
| शि | क्षा | आ | रं | फ | स | क |
| छ | श्र | न | ज | मा | स | र |
| य | भो | ज | न | र | म | ण |
| च | ल् | ता | दे | ख | भा | ल |

उत्तर -(1) आश्रय (2) सुरक्षा (3) शिक्षा (4) मनोरंजन(5) टीकाकरण (6)अभिव्यक्ति

(7) देखभाल (8) भोजन

**प्रश्न 13. बच्चों को कौन - कौन से अधिकार प्राप्त है? वर्णन करो।** **SST625**

उत्तर -

(1) आश्रय - सभी बच्चों को आश्रय पाने का अधिकार है।

(2) सुरक्षा - सभी बच्चों को सुरक्षा का अधिकार है।

(3) शिक्षा - 06 से 14 वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है।

(4) मनोरंजन - सभी बच्चों को मनोरंजन का अधिकार है।

(5) टीकाकरण - सभी बच्चों को निःशुल्क टीकाकरण का अधिकार है।

(6) अभिव्यक्ति - सभी बच्चों को अपने विचार व्यक्त करने का अधिकार है।

(7) देखभाल - सभी बच्चों को प्यार तथा देखभाल का अधिकार है।

(8) भोजन - सभी बच्चों को भरपेट भोजन का अधिकार है।

# अध्याय - 8

## सामान्य चेतना

**खाली स्थान भरो -**

**प्रश्न 1.वाहन चलाते समय ...................... दस्तावेज रखना बहुत आवश्यक है।**

**प्रश्न 2.दुपहिया  वाहनों पर ...................... सवारी बैठाना मना है।**

**प्रश्न 3.शहरों में पानी की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी ...................... की होती है।**

**प्रश्न 4...................... वर्ष से कम आयु के बच्चों को वाहन चलाना अपराध है।**

**प्रश्न 5.तिराहे-चौराहे पर गाड़ी को ...................... गति से चलाना चाहिए ।**

**प्रश्न 6.सरकार  जल  संरक्षण कार्यक्रम हेतु ...................... योजना बनाई है ।**

**प्रश्न 7. हमें हमेशा सड़क के ...................... तरफ चलना चाहिए।**

**प्रश्न 8.यातायात के नियमों के उल्लंघन पर ...................... का प्रावधान है।**

**प्रश्न 9.सड़क सुरक्षा सप्ताह ...................... से ...................... तक  में मनाया जाता है ।**

**प्रश्न 10.यातायात संकेत का यह चित्र ...................... दर्शाता है |** 

उत्तर -(1) लाइसेंस    (2) तीन (3) नगरनिगम (4) 18 वर्ष (5) धीमी
(6)राजीव गांधी जल ग्रहण मिशन (7) बाएँ (8) दंड (9) 11 से 17 जनवरी तक
(10) रास्ता दीजिए

**अतिलघुत्तरीय प्रश्न-**

**प्रश्न 11. सहकारी समिति बनाने से क्या फायदे हैं?** **SST613**

उत्तर -सहकारी समिति बनाने से कोई भी सामान एक जगह इकटठे कर निश्चित दाम में बेचा जाता है जिससे बेचने वाले को उचित मूल्य मिल जाता है। जैसे दूधडेयरी, वनोपज संग्रह केन्द्र आदि|

**SST622**

**प्रश्न 12. दुघर्टना से देर भली का क्या आशय है?**

उत्तर -अक्सर आफिस या अन्य कार्य पर जाने के लिए समय पर निकलते तथा देर होने पर ट्रैफिक नियमों का पालन न करते हुए तेज गति से गाड़ी चलाते हैं जिसके कारण दुर्घटना हो जाती है इसलिए कहा गया है कि दुघर्टना से देर भली अर्थात देर होना दुर्घटना होने से अच्छा है।

**प्रश्न 13. सड़क सुरक्षा सप्ताह क्या है?** **SST622**

उत्तर -सड़क सुरक्षा सप्ताह प्रतिवर्ष 11 जनवरी से 17 जनवरी तक मनाया जाता है सड़क सुरक्षा के तहत आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से आमजनता को यातायात के नियमों के बारे में आधारभूत जानकारी दी जाती है।

**लघुत्तरीय प्रश्न -**

**प्रश्न 14. जेब्रा क्रॉसिंग क्या है?** **SST620**

उत्तर -सड़क पर बनी सफेद रंग की पट्टियों को जेब्रा क्रॉसिंगकहते हैं। जेब्रा क्रॉसिंगपैदलचलने वालों के लिए निर्धारित होती है।

**SST619**

**प्रश्न 15. जल ही जीवन है इसका क्या आशय है?**

उत्तर -जल समस्त जीव जंतुओं के लिए बहुत ही आवश्यक है जल के बिना कोई भी जीवित नहीं रह सकता। अतः हमें पानी का उचित मात्रा में उपयोग करना चाहिए।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न -**

**प्रश्न 16. कोई 3 सड़क संकेतों का चित्र बनाइये ।**




**प्रश्न 17.सड़क सुरक्षा संबंधी कुछ नारों को लिखिए ।** **SST619**

उत्तर -

- दुर्घटना से देर भली ।
- सड़क पर बाएँ चले।
- घर पर कोई आपका इंतजार कर रहा है।
- सिमित वेग सुरक्षित जीवन ।
- यातायात के नियमों का पालन करें।
- दो पहिया दो सवारी।
- वाहन आपका सड़क आपकी।
- यातायात आपका सुरक्षा आपकी।

**प्रश्न 18. जलसंरक्षण के लिए क्या करना चाहिए?**



उत्तर -

- गाँवों, कस्बों और नगरों में छोटे बड़े तालाब बनाकर जल का संग्रहण करना चाहिए।
- नलों को बहता हुआ नहीं छोड़ना चाहिए ।
- नल से यदि पानी टपकता हो उसे सुधारना चाहिए।
- व्यर्थ में पानी नहीं बहाना चाहिए।
- घरों में वाटर हारवेस्टिंग करना चाहिए।
- गावों में तालाब बनाना चाहिए जिससे पानी का संग्रहण हो सके।

# बढ़ते कदम
# आकलन से शैक्षिक गुणवत्ता की ओर...

**समरूपता, वैधता, विश्वसनीयता**










राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् छत्तीसगढ़